calibre of railwaymen of all ranks. I trust that in my renewed association with them, I shall have opportunity to from a still better opinion of their ability and devotion to duty and that they will continue to give of their best to the Railways and the Country.

Hon'ble Members will share my great concern that the Railways are increasingly becoming the target of attack and violence arising from diverse matters not even remotely connected with the Railways or their operation. This most disconcerting trend seems, if at all, to be on the increase. I need not catalogue the numerous instances of such lawless activities which have been making the task of railwaymen increasingly difficult and hazardous and are becoming a growing impediment to railway operation. Quite often our efforts to improve rail services are thwarted by these activities and by damage done to our rolling stock and installations. In sharing my worries with the Hon'ble Members It would appeal to leaders of public opinion in and outside the House to lend their weight so that the Railways can run smoothly in every corner of the Country.

MR. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned till 2.15 P.M.

13.20 hours

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fifteen minutes past Fourteen of the clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Twenty Minutes Past Fourteen of the Clock.

[**Shri R. D. Bhandare** *In the Chair*]

MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS—*Contd.*

MR. CHAIRMAN: The House will now take up further consideration of the following motion moved by Shri P. Ramamurti on the 18th February, 1969, namely :—

"That this House expresses its want of confidence in the Council of Ministers."

श्री मनुभाई पटेल (डभोई) : सभापति महोदय, यहां पर जो अविश्वास प्रस्ताव साम्यवादी और संयुक्त समाजवादी पक्षों की ओर से रक्खा गया है उसमें दो तीन प्वाइन्ट्स रक्खे गये हैं जिनके बारे में उनका खास तौर पर इल्जाम है कि कांग्रेस और कांग्रेस गवर्नमेंट कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। मुझे लगता है कि उनके इस अविश्वास प्रस्ताव में कोई दम नहीं है क्योंकि उन्होंने तीनों प्रश्न जो रक्खे हैं, अर्थात् शिव सेना, चुनाव परिणाम और रीजनल इम्बैलेंस, उनमें से उन्होंने सबसे ज्यादा वजन शिव सेना के सवाल को दिया है। इस प्रस्ताव को पेश करते हुए श्री राममूर्ति ने सबसे ज्यादा वजन शिव सेना के सवाल पर दिया। कल इस प्रस्ताव का जिक्र करते हुए माननीय सदस्य श्री हीरेन मुकर्जी ने कहा कि यह कोई रिचुअल नहीं है। लोग कहते हैं कि अविश्वास प्रस्ताव रिचुअल की तरह पर नहीं है, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव रखने वाले और उनकी पार्टी की तरफ से यहां पर आज कोई हाजिर नहीं है। रख दिया, ठीक है, पेश हो जायेगा। अगर यह उनका रिचुअल नहीं है तो फिर क्या है ?

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर): सब मौजूद हैं। एक-एक पचास-पचास के बराबर है।

श्री मनुभाई पटेल : कहां मौजूद हैं ? सब गैरहाजिर हैं। उनके लिये इसकी कोई गम्भीरता नहीं है क्योंकि उनका साधन में कोई विश्वास नहीं है। एनी स्टिक इज ए गुड स्टिक टु बीट विथ। जो कुछ हाथ में पड़ जाये उसी को लगाओ।

आप शिव सेना के सवाल को लीजिये। बम्बई के बारे में हम सब मानते हैं कि कभी कांग्रेस ने—उसकी पहले से आज तक की

[श्री मनु भाई पटेल]

तवारीख देख लीजिये–फिरकापरस्ती, कौमवाद और जातिवाद को प्रश्रय नहीं दिया। जब भी इस तरह की कोई प्रवृत्ति वहां चली, उसने उसके खिलाफ कदम उठाया है। लेकिन समाजवादी पक्ष और प्रजासमाजवादी पक्ष ने बम्बई में कम्यूनिस्टों के साथ और शिव सेना के साथ हाथ मिलाकर चुनाव को लड़ा। प्रजासमाजवादी नेता श्री नाथ पाई ने जेल में मुलाकात कर कहा कि बाल ठाकरे नेता हैं, उनको सरकार को छोड़ना चाहिये। वह उन की वकालत करने निकले। आज इसको समझना चाहिये कि प्रजा समाजवादी पार्टी कहां है।

जहां तक संयुक्त समाजवादी पार्टी का सवाल है, साफ बात है कि कम्यूनिस्ट पार्टी का जो तरीका है कैरेक्टर असैसिनेशन का, उसी झंडे को लेकर संयुक्त समाजवादी पार्टी ने काम शुरू कर दिया है।

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : शिव सेना क्या है ?

श्री मनुभाई पटेल : शिवसेना से कहां साम्य है, मैं बतलाऊंगा कि शिव सेना की जो आइडियोलोजी है उसका मूल स्रोत कहां है। कम्यूनिस्ट पार्टी क्लास स्ट्रगल के जरिये देश में अव्यवस्था पैदा करना चाहती है और क्लास स्ट्रगल का झंडा उठाकर दूसरे जितने संगठन काम करते हैं उन सब संगठनों को साथ लेती है। पिछले सेशन में जब मैंने केरल की लाल सेना के बारे में गृह मंत्री जी से सवाल पूछा था कि उस पर कानूनी पाबन्दी लगाई जायेगी या नहीं, तब उन्होंने जवाब दिया था कि कानूनी पाबन्दी नहीं लगाई जा सकती है। पब्लिक ओपीनियन क्रिएट करने के लिये लोगों को उनकी विचारधारा को समझाना पड़ेगा, लोगों के पास जाना पड़ेगा। उस समय कम्यूनिस्ट पार्टी ने ताली बजाकर हर्ष प्रकट किया था कि लाल सेना पर कोई पाबन्दी नहीं लगाई जा रही है। जैसे लाल सेना का सवाल था उसी तरह से शिव सेना का सवाल है।

शिव सेना ने जो कुछ किया, उसे हम पसन्द नहीं करते, इतना ही नहीं, शिव सेना ने बम्बई के नाम पर बट्टा लगाया क्योंकि भारत में यदि कोई शहर शहरों की मार्फत भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है तो वह बम्बई है। बम्बई कास्मोपोलिटन शहर है, उसमें एक पंचरंगीपन है। हमारे संविधान में सबसे बड़ा जो कांस्टिट्यूशनल प्राविजन है कि हमारे देश का सिटिजेन कहीं जाकर बस सकता है और अपना धन्धा कर सकता है, इस मूल विचार के विरुद्ध शिव सेना है। बम्बई के पंचरंगीपन से उसका विरोध है। हमारे देश में जितने बड़े-बड़े शहर हैं, जैसे कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, इन सबसे ज्यादा पंचरंगीपन बम्बई में है। शिव सेना को समझना चाहिये कि उसने जो कदम उठाया है उससे वह बम्बई के इस स्वरूप को खत्म कर रही है।

शिव सेना ने जो कुछ काम किया है वह बम्बई के इतिहास में इससे पहले नहीं हुआ है। गुलामी के जमाने में जो आन्दोलन वहां हुए हैं, पिछले पचास साल में जो आन्दोलन वहां हुए हैं, जो कोई भी चीज हिन्दू-मुस्लिम दंगों के स्वरूप में या ट्रेड यूनियन मूवमेंट की प्रवृत्तियों के स्वरूप में, हड़तालों के स्वरूप में और इसके बाद संयुक्त महाराष्ट्र के लिए जो आन्दोलन चला था उसके स्वरूप में हमारे सामने प्रकट हुई थी, और उसके बाद बम्बई बन्द का आन्दोलन करके जो हिंसा का आन्दोलन चलाया गया था, उस सबसे भिन्न शिव सेना का आन्दोलन है, उस सबके स्वरूप से भिन्न शिव सेना के आन्दोलन का स्वरूप है। उसकी जो कार्रवाइयां हैं उनको कभी भी कोई पसन्द नहीं कर सकता है, कोई भी उनको मंजूर नहीं कर सकता है। ये जो चीजें हैं ये भारत के लोगों के सामने आनी चाहियें, इनको प्रकट

किया जाना चाहिये। कभी भी कांग्रेस ने इस तरह की प्रवृत्ति को बरदाश्त नहीं किया है। लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी और संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की मैं बात करता हूं। इन दोनों पार्टीज़ ने हाथ मिलाया है, दोनों एक ही ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही हैं। इन दोनों पार्टीज़ की जो विचारधारा है, उसके मूल में एक ही चीज़ काम करती है। कम्युनिस्ट पार्टी के लोग भी कारेक्टर एसेसिनेशन में विश्वास करते हैं। वे समझते हैं कि किसी संस्था को गिराना हो तो उस पार्टी का जो प्रोग्राम है, उस पार्टी की जो पालिसी है, उसको लेकर और उस स्तर पर उससे लड़ कर उसको गिराया नहीं जा सकता है। पालिसी और प्रोग्राम को लेकर ये जनता की आंखों में धूल नहीं डाल सकते हैं। इसलिए इनका विश्वास है कि एक एक उस पार्टी के लीडर को चुनकर, कांग्रेस पार्टी के नैशनल लीडर्ज़ को चुनकर उनका कारेक्टर एसेसिनेशन किया जाए और उस पार्टी को और उन नेताओं को बदनाम किया जाए। इसी कार्यक्रम को एस.एस.पी. ने भी अपनाया है। यही एस.एस.पी. वाले भी करते हैं। एस.एस.पी. वालों ने पहले तो प्रधान मंत्री के मिक कोट के सवाल को उठाया, फिर डायमंड नैक्लेस के सवाल को उठाया और इस सवाल को पिछले सैशनों में उठाते रहे। पिछले सैशन में इन्होंने फाइनेंस मिनिस्टर के लड़के वाली बात को लेकर उनको बदनाम करने की कोशिश की। आज होम मिनिस्टर के लिए इन्होंने कहा है कि ये शिव सेना को प्रश्रय दे रहे हैं और इस आधार पर उनको बदनाम करने की कोशिश की है। इन लोगों का और कम्युनिस्ट पार्टी का भी यह विश्वास है कि कांग्रेस के टाप के चार पांच लीडर्ज़ को लेकर उनका एक एक करके कारेक्टर एसेसिनेशन किया जाए और अगर ऐसा करने में वे सफल हो जाते हैं तो कांग्रेस पार्टी खत्म हो जाएगी। इसी विश्वास को लेकर उन्होंने इस अविश्वास के प्रस्ताव को इस सदन में पेश किया है।

सभापति महोदय, मैं इन दोनों पार्टीज़ को बतलाना चाहता हूं कि इनका जो उद्देश्य है उस उद्देश्य में ये कभी सफल नहीं हो सकते हैं। इसका कारण यह है कि कांग्रेस पार्टी का जहां तक सम्बन्ध है उसकी कभी भी शिव सेना के प्रति सहानुभूति नहीं रही है, उसने कभी भी इस पार्टी को प्रश्रय नहीं दिया है। जहां तक कांग्रेस गवर्नमेंट का सम्बन्ध है उसने शिव सेना के खिलाफ बराबर कदम उठाया है। बम्बई कांग्रेस कमेटी के ऊपर भी इस सम्बन्ध में आरोप लगाया जाता है। उसने भी कभी इसके प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई है। कांग्रेस संस्था का कभी उसके साथ सम्बन्ध नहीं रहा है। उसने कभी भी इसको प्रश्रय नही दिया है।

जहां तक इस पर पाबन्दी लगाये जाने की बात है, अगर लाल सेना पर कानूनी प्रतिबन्ध लगा दिया गया होता, यदि लश्कर सेना पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया होता, यदि आर.एस.एस. पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया होता, जितनी दूसरी सेनायें हैं उन पर लगा दिया गया होता तो शिव सेना पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिये था। शिव सेना ने बड़ा खराब काम किया है। उसने कानून अपने हाथ में लिया। रोड सेफ्टी के नियमों को तोड़ा, फुट पाथ्स को क्लीयर करना शुरू किया, बसें जलाईं, और पुलिस ने उसके काम में हस्तक्षेप नहीं किया, यह ठीक नहीं था। जब यहां से होम मिनिस्टर वहां गए तो उनके सामने भी कुछ प्रदर्शन उन्होंने किये और कुछ हिंसात्मक प्रदर्शन भी किये, वह भी ठीक नहीं था। इसके बाद जब फाइनेंस मिनिस्टर श्री मोरारजी देसाई वहां गए तो उनके सामने भी प्रदर्शन किया, वह भी ठीक नहीं किया। ये सब उसने बुरे काम किये। मैं

[श्री मनु भाई पटेल]

होम मिनिस्टर से प्रार्थना करता हूं कि इस सम्बन्ध में जो सी.आई.डी. की रिपोर्ट है उसको तलाश करके, उसको हमारे सामने रखने की कृपा करें ताकि हमें पता चल सके कि उसमें क्या है। क्या यह भी सच नहीं है कि श्री मोरारजी देसाई तथा दूसरे नेताओं पर सलफ्यूरिक एसिड डालने का काम भी वे करना चाहते थे? क्या जो इस तरह के पार्टी के बड़े बड़े लोग हैं उनकी आंखों में सलफ्यूरिक एसिड गिराने का प्रोग्राम भी उनके कार्यक्रम का एक अंग नहीं था? मैं जानना चाहता हूं कि प्रजा सोशलिस्ट पार्टी चुप क्यों है? उसने बम्बई में इलैकशन के दिनों में उसके साथ हाथ मिलाया था, क्या इस वास्ते चुप है? मैं आशा करता हूं कि सभी पार्टीज इन प्रवृत्तियों से अपने को अलग रखेंगी और इनकी निन्दा करेंगी। सबको इस मामले में अपने आपको अलग रखना चाहिए। मैं मानता हूं कि पोलराइजेशन हो रहा है। आइडियोलोजिकल पोलराइजेशन हो जाए तो अच्छा है। लेकिन कुछ लोग हैं जिनका क्लास स्ट्रगल में विश्वास है। सत्ता हासिल वे करना चाहते हैं। ऐसा वे अहिंसा से करें तो ठीक है लेकिन हिंसा से भी वे ऐसा करने को तत्पर हैं। कांस्टीट्यूशनल तरीके से इसको करें तब तो ठीक है लेकिन उनका विश्वास है कि अनकांस्टीट्यूशनल तरीकों से भी सत्ता हासिल की जानी चाहिए। डेमोक्रेसी में उनका नाममात्र के लिए ही विश्वास है। असल में वे डेमोक्रेसी में विश्वास नहीं रखते हैं। एक्सप्लायटेशन करके सत्ता का दुरुपयोग करके कांस्टीट्यूशन को किस तरह खत्म किया जाए, यह उनका एम है। उनके जो तरीके हैं वे आज एक्सपोज्ड हैं। जनता उनको अच्छी तरह से समझ गई है।

हमारे राममूर्ति जी ने इस अविश्वास के प्रस्ताव को पेश किया है। वह कम्युनिस्ट पार्टी से सम्बन्ध रखते हैं। उसके वह नेता हैं। उन्होंने कहा है कि जो घटनायें घटी हैं, उनका जिक्र राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं है। मैं उनको राष्ट्रपति जी के भाषण में से इसके बारे में पढ़कर सुनाना चाहता हूं।

> "Last year, I referred in my speech to certain disturbing trends in our national affairs. Parochial, regional, caste and communal movements have caused tension and violence in the country."

आगे उन्होंने कहा है कि नैशनल इंटैग्रेशन कमेटी के सामने यह मसला पेश हुआ था।

> "However, while legal and administrative measures are necessary, the fight against these fissiparous movements has to be carried to the broad masses of our people. The key to success lies in fostering the concept of Indian Nationalism and secularism in the minds and hearts of our people."

यह तरीका है। हम को पब्लिक ओपिनियन क्रियेट करनी होगी। साथ ही साथ हम को लैजिस्लेटिव एकशन भी लेना होगा और उसके बारे में इस सदन को सोचना होगा। देश की एकता, देश की अखंडता और देश में राष्ट्रीयता की भावना पैदा हो और उस में कोई बाधा न डाल सके, इसके बारे में क्या किया जाना चाहिये यह इस सदन को सोचना होगा। ऐसी प्रवृत्तियों का मुकाबला करने के लिए प्रजा को भी तैयार किया जाना चाहिये, ऐसी प्रवृत्तियों के खिलाफ आन्दोलन किया जाना चाहिये।

जहां तक चुनाव रिजल्ट्स का सम्बन्ध है, चार प्रान्त जहां चुनाव हुए हैं उन में से तीन की बात न करके केवल बंगाल की ही बात की जाती है। बंगाल का जहां तक सम्बन्ध है, बंगाल की आज भी क्या हालत

है, आपने इसको समाचार-पत्रों में पढ़ा होगा और रेडियो पर भी सुना होगा। वहां एक मत नहीं हुआ जा सका है कि कौन नेता बने। आपस में झगड़ा चल रहा है। फिर आप देखें कि युनाइटिड फ्रंट का अनुभव क्या रहा है, तजुर्बा क्या रहा है। पिछला तजुर्बा तो यही रहा है कि युनाइटिड फ्रंट आपसी खींचतान के कारण टूट गया था। अब भी वही हालत होने वाली है। जो चौदह पार्टियों का युनाइटिड फ्रंट है उन में आइडियोलोजिकल एकता है ही नहीं। फिर आप देखें कि उत्तर प्रदेश की बात नहीं की जाती है। पंजाब की बात नहीं की जाती है जहां कम्युनिस्टों को उखाड़ फेंका गया है। बिहार की बात नहीं की जाती है जहां कम्युनिस्टों का नामो-निशान मिट गया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को क्लीअर मेजोरिटी मिल गई है, उसके बारे में कोई बात नहीं की जाती है। बात करते हैं तो केवल बंगाल की। बंगाल में भी कोई एक पार्टी बहुमत में नहीं आई है। युनाइटिड फ्रंट में वहां चौदह पार्टियां हैं और उसका वहां बहुमत है। हमें सोचना होगा किस पार्टी की क्या विचारधारा है, कौन सी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास करती है और कौन सी नहीं करती है। जिन का लोकतंत्र में विश्वास है, समाजवाद में विश्वास है, वे तो मिल कर काम कर सकती हैं लेकिन जिन का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है और जिन्होंने इलैक्शन के समय पर इकट्ठे हो कर कांग्रेस का विरोध करना शुरू कर दिया, उनका भी वही हाल होगा जो कि लास्ट यू एफ मिनिस्टरी का हुआ था। तब वहां पर चीफ मिनिस्टर पी. सी. घोष का असैम्बली हाल में ही सिर फोड़ दिया गया था, असैम्बली को बुलाया नहीं गया और जो कम्युनिस्ट पार्टी के वहां स्पीकर थे उन्होंने कांस्टीटयूशन को ताक पर रख कर अपना काम करना शुरू कर दिया था। इसीलिए मैं कहता हूं कि :

If with the constitution, with the help of the Constitution;
If without the Constitution, without it and in spite of it.

सत्ता पर कब्जा करने की जो नीति है इसको कभी बरदाश्त नहीं किया जा सकता है। यह कम्युनिस्टों की नीति है। इस नीति को देश की जनता समझ गई है। कांग्रेस पार्टी ही इस मत की नहीं है कि उसकी यह नीति है बल्कि देश की जनता भी इस मत की है कि उसकी यही नीति है।

मैं श्री राम मूर्ति की सूचना के लिए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में से पढ़कर सुनाता हूं :

"The country also faces the danger of violence from certain extremist political groups. The doctrines propounded by these groups are clearly subversive of our Constitution and the rule of law and detrimental to orderly government and progress. There is no place in a democratic society for groups which seek to change the social and political structure by armed insurrection."

इसका खयाल भी रखना पड़ेगा। जो वायोलेंस में विश्वास रखते हैं और दिखावे के लिए कहते हैं कि वे संविधान को मानते हैं, जो डिक्टेटरशिप में विश्वास रखते हैं लेकिन दिखावे के लिए कहते हैं कि हमारा लोकतंत्र में विश्वास है, उनके असली स्वरूप को देश की जनता के सामने हम सब को लाना होगा। सभी राष्ट्रवादियों को, सभी देशवासियों को ऐसे लोगों की पहचान हो जानी चाहिये। ये वे लोग हैं जिन्होंने द्वितीय महायुद्ध को पहले तो इम्पीरिल वार कहा और बाद में पीपल्ज वार कहना शुरू कर दिया, जिन्होंने 1942 में देश के साथ गद्दारी की, जिन्होंने चीनी एग्रेशन के समय जब देशवासी देश की सीमाओं की रक्षा करने में लगे हुए थे यह कहा कि हमने चीन का कुछ हिस्सा ले लिया है और चीन आक्रमणकारी नहीं है, जिन का

[श्री मनुभाई पटेल]

विश्वास अहिंसा में न होकर हिंसा में है, जिनका विश्वास डैमोक्रेसी में न होकर डिक्टेटरशिप में है। ये आज शिव सेना का नाम लेकर आगे आए हैं। हम शिव सेना का कतई बचाव नहीं करते हैं, समर्थन नहीं करते हैं। उस के ख़िलाफ़ कड़े से कड़े कदम उठाने चाहिए, लेकिन जिन पार्टियों का मैंने अभी ज़िक्र किया है, उनका ख़याल रख कर उन का ठीक स्थान बता देना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं इस अविश्वास-प्रस्ताव का विरोध करता हूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) : सभापति महोदय, कल मेरा दल इस अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ था, इस लिए नहीं कि शासन में हमारा अविश्वास नहीं है, इस लिए भी नहीं कि अन्य दलों की तुलना में हम शासन को हटाने के लिए कुछ कम उत्सुक हैं। हमारा मतभेद केवल अविश्वास-प्रस्ताव के स्वरूप और समय को ले कर था। लेकिन कल मैंने जो चर्चा सुनी, उस से मुझे लगा कि जिन मित्रों ने अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी, उन्होंने कोई ज्यादा गलत काम नहीं किया।

1967 के आम चुनावों में पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिमी बंगाल की जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया था और 1969 के मध्यावधि चुनावों में जनता ने कांग्रेस को ठुकराने के अपने पूर्व निर्णय पर मुहर लगा दी है। आम चुनावों के बाद देश में दो राजनैतिक प्रयोग हुए : एक मिली-जुली सरकारों का प्रयोग और एक अल्पमत की सरकारों का प्रयोग। मिली-जुली सरकारों का प्रयोग हम ने किया और अल्पमत की सरकारों का प्रयोग कांग्रेस ने किया।

मिली-जुली सरकारों का प्रयोग कांग्रेस के दुःशासन से त्रस्त जनता को राहत देने के लिए था। अलग अलग विचार वाले दल एक-साथ आये, किन्तु उन्होंने अपने मतभेदों पर पर्दा नहीं डाला, उन्होंने एकता का नाटक नहीं रचा। उन्होंने एक नेता चुना, एक दल बनाया और एक न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर जनता की सेवा करने की कोशिश की।

लेकिन अल्पमत की सरकारों का गठन करने में कांग्रेस का उद्देश्य क्या था? उस ने सरदार लछमनसिंह गिल या मंडल या घोष के साथ एक दल नहीं बनाया। उनको अपना नेता नहीं चुना और जनता की भलाई का एक न्यूनतम कार्यक्रम तय करने का नाटक तक नहीं रचा। उस ने केवल चोर दरवाजे से सत्ता हथियाने के लिए अल्पमत की सरकारों को ठूंसा। संसदीय लोकतंत्र की किस कसौटी के आधार पर ये अल्पमत की सरकारें उचित सिद्ध की जा सकती हैं?

आज पंजाब में जनसंघ और अकाली दल फिर से सत्तारूढ़ हो गये हैं। लेकिन गिल कहां हैं? कांग्रेस ने जिन की पीठ थपथपाई थी, वह सरदार गिल कहां हैं? आज वह गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के 'एकला चलो' मंत्र का जाप कर रहे हैं, अपने पापों का प्रायश्चित्त कर रहे हैं। बिहार में गैर-कांग्रेसी दल आज भी सरकार बनाने की स्थिति में हैं। लेकिन कांग्रेस ने जिन मंडल महाराज का समर्थन किया था, वह आज कहां हैं? मंडल महाराज आज पटना में नहीं हैं; वह अपना कमंडल ले कर दिल्ली में विराजमान हैं। पश्चिमी बंगाल की जनता ने संयुक्त मोर्चे को फिर से बहुमत दिया है। लेकिन बेचारे पी० पी० घोष पर मुझे दया आती है। उन की देशभक्ति में मुझे सन्देह नहीं है। लेकिन कांग्रेस के कुकर्म उनको भी ले बैठे।

संयुक्त सरकारों ने जनता की अपेक्षाओं को पूरी तरह से पूर्ण नहीं किया। लेकिन फिर भी कांग्रेस किसी प्रदेश में स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी। स्पष्ट है कि कांग्रेस

जनता का विश्वास खो चुकी है। अब न तो उस की नीतियां तथा कार्यक्रम जनता को भाते हैं और न उस का संगठन मतदाताओं को अनुप्राणित कर सकता है।

मध्यावधि चुनावों ने कांग्रेस पार्टी के सिद्धान्त-विहीन और अवसरवादी स्वरूप को स्पष्ट कर दिया है। सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस कितना नीचे गिर सकती है, यह बात साफ हो गई है। पंजाब में जनसंघ को हराने के लिए कांग्रेस ने हिन्दुओं के हितों का रक्षक बनने का दावा किया और उन की संकीर्ण भावनाओं को जगाने में किसी झिझक से काम नहीं लिया। उत्तर प्रदेश में कुछ दल-बदलू कांग्रेसियों के द्वारा जगाये गये जातिवाद का सामना करने के लिए राष्ट्रवाद को जगाने के स्थान पर कांग्रेस ने ब्राह्मणों और वैश्यों में भय की भावना पैदा की। बंगाल में कांग्रेस ने गैर-बंगालियों को संगठित करने का प्रयास किया। बिहार में कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए पृथक झारखंड राज्य स्थापित करने की मांग का समर्थन किया।

सभापति महोदय, मेरे पास ये दो पर्चे हैं, जिन्हें मैं सभा-पटल पर रखना चाहता हूं। एक पर्चे में छपा है : "चाईबासा निर्वाचनक्षेत्र से झारखण्ड अलग राज्य कायम करने के लिए.....कांग्रेस के उम्मीदवार, श्री सनातन सभाड, को विजयी बनावें।" दूसरा पर्चा मनोहरपुर कांग्रेस पार्टी की तरफ से छापा गया है, जिस में कहा गया है : "भारतीय कांग्रेस पार्टी ने ही 'आन्ध्र', 'महाराष्ट्र', 'हरियाणा' आदि राज्यों का गठन एवं निर्माण किया है। यही भारतीय कांग्रेस पार्टी झारखण्ड राज्य की भी निर्माता होगी, इस में कोई शक नहीं है।"

क्या प्रधान मंत्री को इस प्रचार का पता नहीं है? क्या गृह-मंत्री महोदय इस तथ्य को नहीं जानते कि कांग्रेस के उम्मीदवारों ने वोट लेने के लिए पृथक झारखण्ड राज्य की मांग का समर्थन किया? अगर वे इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं, तो वे अपने पद पर रहने के लायक नहीं हैं और अगर वे जानते हुए भी चुप हैं, तो फिर जनता उन को कभी क्षमा नहीं करेगी।

पृथक झारखंड राज्य की मांग का समर्थन करने वाली कांग्रेस पृथक तेलंगाना की मांग का किस मुंह से विरोध कर सकती है? अगर पृथक विदर्भ की मांग होती है, तो चव्हाण साहब किस आधार पर उसका प्रतिकार कर सकते हैं?

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : यह सरासर गलत है कि बिहार कांग्रेस ने पृथक झारखण्ड की मांग का समर्थन किया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : इन पर्चों पर प्रेस का नाम दिया गया है। ये कांग्रेस की तरफ से छपे हुए पर्चे हैं। माननीय सदस्य कहें कि वह इस बारे में जांच करेंगे, लेकिन वह इन पर्चों के तथ्य से इन्कार नहीं कर सकते हैं।

आन्ध्र में जो कुछ हुआ, उस से हमारी आंखें खुल जानी चाहिए। आन्ध्र की घटनायें बड़ी हृदयविदारक हैं। एक प्रदेश में रहने वाले, एक भाषा को बोलने वाले और एक ही तरह का रहन-सहन अपनाने वाले जब एक दूसरे के खून के प्यासे हो जाते हैं, जब मिट्टी का तेल छिड़क कर भाई-भाई को आग लगाता है, जब बहनों पर बलात्कार किया जाता है, तो राष्ट्रवाद रोता है, राष्ट्रीय एकात्मता सिर धुनती है और पिछले बीस सालों का नेतृत्व बेनकाब हो कर खड़ा हो जाता है।

प्रश्न यह है कि आन्ध्र के निर्माण के समय तेलंगाना के निवासियों को संरक्षण और आश्वासन दिये गये थे, उन का पालन क्यों नहीं किया गया। आन्ध्र में कांग्रेस की सरकार रही है। केन्द्र में भी कांग्रेस की

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

सरकार है। दोनों जगह राजनीतिक स्थिरता है। लेकिन यह राजनीतिक स्थिरता तेलंगाना की पिछड़ी हुई जनता के मन में विश्वास पैदा नहीं कर सकी। इस संसद ने एक कानून बनाया है जिस में तेलंगाना की जनता को नौकरियों के सम्बन्ध में एक आश्वासन दिया गया है। 1957 में यह कानून बना था और 1964 में इस कानून की संसद ने पुष्टि की। मगर केन्द्रीय सरकार ने यह देखने की तकलीफ नहीं की कि उस कानून का ईमानदारी से पालन किया जा रहा है या नहीं ?

सम्पूर्ण देश के विकास में आज क्षेत्रीय असंतुलन है। वह जन-असंतोष को जागृत कर रहा है। वह विघटन का कारण बन सकता है। प्रश्न यह है कि इस क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए योजनाबद्ध और प्रभावकारी प्रयास क्यों नहीं किए गए ? भारतीय जनसंघ पृथक तेलंगाना की मांग से सहमत नहीं है। हमारा आग्रह है कि 19 जनवरी, 1969 को आन्ध्र के मुख्य मन्त्री द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में जो निर्णय किए गए और जिन के अनुसार तेलंगाना के संरक्षण को 1974 तक बढ़ाने का फैसला किया गया उन निर्णयों को ईमानदारी के साथ लागू किया जाय। लेकिन कांग्रेस का नेतृत्व तेलंगाना के उपद्रवों की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

क्षेत्रीय असंतुलन और भेदभाव की समस्या और भी जगह है। हाल ही में जम्मू काश्मीर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त गजेन्द्र गडकर कमीशन की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। इस रिपोर्ट से उन लोगों की आखें खुल जानी चाहिए जो इन शिकायतों को सुनने से इनकार करते थे कि जम्मू काश्मीर की सरकार जम्मू और लद्दाख के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। क्या यह आश्चर्य और रोष की बात नहीं है कि श्रीनगर की तुलना में जम्मू में राशन कम दिया जाता है ? क्या जम्मू के लोगों की भूख कम है और श्रीनगर में निवास करने वालों की जठराग्नि प्रबल है ? एक ही राज्य के निवासी हैं। मगर राशन की मात्रा में भेद है और राशन की मात्रा में ही नहीं राशन की कीमत में भी अन्तर है। जम्मू में अनाज मंहगा बेचा जाता है, श्रीनगर में सस्ता। यह किस कसौटी पर खरा उतारा जा सकता है ? गजेन्द्र गडकर आयोग ने सिफारिश की हैकि यह भेदभाव समाप्त होना चाहिए। भेदभाव का आधार केवल क्षेत्रीय नहीं है, साम्प्रदायिक भी है।

83 अध्यापकों को श्रीनगर में साम्प्रदायिक आधार पर तरक्की देने से इनकार कर दिया गया। जो उनसे जूनियर थे उनको तरक्की दे दी गई। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय अध्यापकों के पक्ष में दिया। यह निर्णय 3 अप्रैल 1968 को दिया गया था लेकिन अब तक उस निर्णय को लागू नहीं किया गया है। कहा जाता है कि सुप्रीम कोर्ट का अधिकार क्षेत्र जम्मू काश्मीर में लागू होता है। लेकिन जम्मू काश्मीर की सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों की धज्जियां उड़ा रही है। जिन अध्यापकों के साथ भेदभाव किया गया था उनको फिर से तरक्की देने के बजाय नये अध्यापकों को सारे नियमों की अवहेलना करते हुए तरक्की देने का काम जारी है। आखिर, जम्मू काश्मीर और लद्दाख की जनता इस भेदभाव को कब तक बर्दाश्त करेगी ? वह देशभक्त हैं, लेकिन देशभक्ति की इतनी मंहगी कीमत नहीं मांगी जानी चाहिए। यदि गजेन्द्र गडकर कमीशन की सिफारिशों को ईमानदारी से लागू नहीं किया तो सरकार को वहां भी जन-आन्दोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। अभी तक हमने जनता को सब्र से काम लेने के लिए परामर्श दिया है। गजेन्द्र गडकर कमीशन ने सिफारिश की है कि लद्दाख के लिए, जम्मू के लिए अलग अलग विकास बोर्ड होना चाहिए। अलग अलग धनराशि दी जानी चाहिए। जम्मू में पृथक विश्व-

विद्यालय होना चाहिए। मेडिकल और इंजीनियरिंग कालेज की भी आवश्यकता है। जम्मू काश्मीर की सरकार इन सिफारिशों को ताक पर रखने की कोशिश कर रही है। केन्द्र सरकार समय रहते चेते, नहीं तो उसे नये संकट का सामना करना पड़ सकता है।

बम्बई में 10 से 14 फरवरी के बीच में जो कुछ हुआ है उस से हर भारतीय का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए। महाराष्ट्र मैसूर के सीमा-विवाद को कुछ सिद्धांतों के आधार पर तय करने की आवश्यकता है। लेकिन किसी भी विवाद को सड़कों पर हल नहीं किया जा सकता। क्या अपने पक्ष में निर्णय कराने के लिए हिंसा, हत्या, लूटमार और अग्निकांड का उपयोग किया जायगा? मैं उपद्रव के दिनों में बम्बई में था और मैं ने यह अनुभव किया कि महाराष्ट्र सरकार पहले तो यह अनुमान नहीं लगा सकी कि यह उपद्रव इतना गम्भीर और व्यापक होगा, जब उपद्रव बढ़ गया तो उस का शासन-तंत्र पुलिस दृढ़ता और समझदारी, के साथ उस का सामना नहीं कर सकी। शायद महाराष्ट्र सरकार यह सोचती होगी कि दमन से आग और भड़केगी या महाराष्ट्र सरकार समझती होगी कि छोटा-मोटा उपद्रव हो जाय तो सीमा विवाद में उस के हाथ मजबूत करने का साधन बनेगा। बम्बई में, मैं ने अपनी आंखों देखा और गृह मंत्री चव्हाण उसका खण्डन करने का प्रयत्न न करें कि दूकानें लूटी जा रही थीं और पुलिस खड़ी थी। मेरे पास एक ऐसा उदाहरण है, मैं नाम लेने के लिए तैयार हूं, जनसंघ के कार्यकर्त्ता गए यह बताने के लिए कि दूकान लूटी जा रही है। पुलिस स्टेशन के आफिसर से कहा गया कि अमुक क्षेत्र में दूकान लूटी जा रही है, आप को कुछ प्रबन्ध करना चाहिए। पुलिस आफिसर ने कहा कि यहां शिकायत के लिए आने के बजाय तुम लूटने वालों में शामिल क्यों नहीं हो जाते? मैं थाने का नाम लेने के लिए तैयार हूं। जो हमारे कार्यकर्त्ता लूट मार रोकने के लिए गए उन को पुलिस के रोष का शिकार बनना पड़ा। मैं यह नहीं कहता कि महाराष्ट्र सरकार के इशारे पर यह हुआ। लेकिन कहीं-न-कहीं यह धारणा जरूर थी कि जब तक सड़कों पर सवाल नहीं लाया जायगा तब तक केन्द्रीय सरकार नहीं सुनेगी। संयुक्त महाराष्ट्र भी सड़कों पर सवाल ला कर बना था और अगर जो अधकचरे दिमाग हैं, भावना में बहने वाले वर्ग हैं उन में यह धारणा पैदा हो कि बेलगांव लेना है तो सड़कों पर सवाल लाना होगा तो इस के लिए उन को दोष नहीं दिया जा सकता, दोष इस सरकार को देना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं नहीं समझता कि आज महाराष्ट्र और मैसूर के सीमा विवाद को हल करने का उचित समय है। हर एक दल को आज कसौटी पर कसा जा रहा है और कोई भी अखिल भारतीय दल इस सवाल पर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। लेकिन मैं एक सुझाव देने के लिए तैयार हूं। मैं महाराष्ट्र और मैसूर के जनसंघ के प्रधानों से कहने के लिए तैयार हूं कि वह एक संयुक्त अपील निकालें कि सीमा विवाद का प्रश्न अगले तीन सालों के लिए कोल्ड स्टोरेज में रख दिया जाय। इस प्रश्न का निर्णय टाल दिया जाय। क्या गृह मंत्री चव्हाण और कांग्रेस के अध्यक्ष श्री निजलिंगप्पा इस तरह का निर्णय लेने के लिए तैयार हैं? मैं मानता हूं प्रश्न हल नहीं होगा। लेकिन प्रश्न को हल करने का न तो यह समय है और न यह तरीका है। अगर महाराष्ट्र की भावना को संतुष्ट करने के लिए कोई कदम उठाया जायगा तो उस की प्रतिक्रिया मैसूर में होगी और मैसूर के कांग्रेस वाले पीछे नहीं रहने वाले हैं। अन्य दलों को भी इस तरह का निर्णय करना चाहिए। यह मामला अभी तक लटकता रहा है। इस की जिम्मेदारी से केन्द्र सरकार नहीं बच सकती। लेकिन ऐसा वातावरण बनाना होगा जिस में कुछ सिद्धान्तों के

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

आधार पर निर्णय हो सके। अभी उन सिद्धान्तों का निर्णय बाकी है जिस से न केवल इस सीमा विवाद को बल्कि अन्य सीमा विवादों को भी ठीक तरह से हल किया जा सके।

सभापति जी, क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में—हम अभी उस की चर्चा नहीं कर रहे हैं, मगर भाषण हो चुका है, जहां तक सरकार की नीतियों का प्रश्न है, वह उस को प्रतिबिम्बित करता है—उस भाषण में राजस्थान के भीषण अकाल की चर्चा तक नहीं है। राजस्थान में स्थायी सरकार है—यह सरकार पिछले 18 वर्षों से चल रही है, मगर राजस्थान पर अकाल की काली छाया मंडरा रही है, धरती प्यासी है, चार लाख से अधिक पशु मर गये हैं, सात-आठ-लाख लोग खुले आकाश में जीविका के लिए बीवी-बच्चों को लेकर काम कर रहे हैं। ऊपर जलता हुआ सूरज और नीचे तपती हुई और रात में शीतल होती हुई बालू—घर-बार छोड़ कर पड़े हुए हैं, सड़कें बना रहे हैं, ऐसी सड़कें जो कुछ महीनों के बाद ढूंढने से भी नहीं मिलेंगी।

राजस्थान में अकाल क्यों है? राजस्थान नहर के निर्माण के काम को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? राजस्थान नहर विकास की दृष्टि से भी आवश्यक है और रक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक, लेकिन आज भी उस नहर पर काम नहीं हो रहा है। सड़कें बनाने का काम तो एक अस्थायी काम है, उस में भी जो गोलमाल हो रहा है, उसकी चर्चा मैं इस समय नहीं करना चाहता। क्या राजस्थान में कुएं नहीं खोदे जा सकते? अगर बिहार में बोरिंग के लिए सेना को भेजा जा सकता था तो राजस्थान के लोगों को पानी देने के लिए सेना को बोरिंग का काम क्यों नहीं सौंपा जा सकता। राजस्थान की सरकार संकट की गम्भीरता को कम कर के दिखलाती है, लेकिन केन्द्र सरकार को अपनी आंखों से काम लेना चाहिए। एक-एक लोटा जल के लिए लोग 12-12 घण्टे बैठे रहते हैं। थोड़े दिनों में गर्मी पड़ने वाली है, जिन तालाबों में अभी गन्दा पानी है, वह सूख जायगा, कूएं जलविहीन हो जायेंगे, राजस्थान को एक भयंकर स्थिति का सामना करना पड़ेगा। यह ठीक है कि भूख से कोई मरा नहीं है, लेकिन जो लाल-ज्वार दी जा रही है, उस से लोग मरे हैं। राजस्थान के लोगों को ज्वार खाने की आदत नहीं है, उन्हें बाजरा चाहिए। जो ज्वार दी जा रही है, वह भी सड़ी हुई है, उसका वितरण दोषपूर्ण है और सब से बड़ी समस्या वहां पर जल की है। अगर समय रहते राजस्थान की परिस्थिति पर काबू पाने का प्रयत्न नहीं किया गया तो फिर राजस्थान में भी बिहार जैसा दृश्य दिखाई देगा। परन्तु, सभापति जी, पानी केवल प्रकृति में न हो, ऐसी बात नहीं है, पानी इस सरकार में भी नहीं है।

सभापति जी, विभिन्न प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी सरकारें चल रही हैं, कुछ प्रदेशों में नई सरकारों का गठन होने वाला है। मैं केन्द्र को कहना चाहता हूं कि सरकारों को गिराने के खेल से बाज आये। एक दलीय सरकार के स्थान पर हम बहुदलीय सरकारों के युग में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन अगर प्रदेशों में बनी हुई गैर-कांग्रेसी सरकारों को तोड़ने के लिए केन्द्र राज्यपालों के पदों का दुरुपयोग करेगा, संविधान की अवहेलना करेगा, तो न लोकतन्त्र मजबूत होगा और न राजनीतिक क्षेत्रों में विकल्प उभरेगा। सभापति जी, यह कितने आश्चर्य की बात है कि जब श्री धर्मवीर का धर्म डोलता है और श्री चक्रवर्ती का चक्र चलता है तो पश्चिमी बंगाल और हरियाणा दोनों जगहों में कांग्रेस लाभ में रहती है। धर्मवीर का धर्म कभी भी हमारे पक्ष में नहीं आता, और चक्रवर्ती का चक्र कभी भी गैर-कांग्रेसी दलों के पक्ष में नहीं चलता। आज जो व्यक्ति राज्यपालों के पदों पर बैठे हुए हैं,

वे अपने पदों की गरिमा की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। हरियाणा में क्या हो रहा है ? मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस को हरियाणा में 48 सीटें मिली थीं, जब कि विधान सभा की कुल संख्या 81 है। उन में से एक स्पीकर बन गया, एक कांग्रेसी सदस्य का चुनाव रद्द हो गया और 9 सदस्यों ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया, इस तरह से बच गये 37। ये 37 सदस्य किस तरह से बहुमत की सरकार बना सकते हैं, लेकिन फिर भी हरियाणा में कांग्रेस की सरकार चल रही है—

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : वहां पर 16 की अकसरियत है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : ये 16 कहां से आये ? जिन्होंने कांग्रेस के विरुद्ध चुनाव लड़ा था, जो विरोधी दल में शामिल हो गये थे, जो गैर-कांग्रेसी सरकार में मंत्री बन गये थे, हरियाणा में अपना बहुमत बनाये रखने के लिए कांग्रेस आज उन के चरण चूम रही है। दल-बदल की निन्दा करने वाले दल-बदल के आधार पर आज हरियाणा में सत्तारूढ़ है।

सभापति जी, 9 दिसम्बर को 41 विधायकों ने संयुक्त विधायक दल के रूप में राज्यपाल से भेंट की। ये 41 विधायक बहुमत में थे, उन्होंने राज्यपाल से कहा था कि हमारे साथ एक विधायक और है, मगर 41 हम आपके सामने उपस्थित हैं, फिर भी राज्यपाल ने वंशीलाल मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देने के लिए नहीं कहा। राज्यपाल ने यह भी नहीं कहा कि विधान मंडलों के अध्यक्षों ने सिफारिश की है कि शक्ति का परीक्षण विधान सभा में होना चाहिए, इस लिए सात दिन के भीतर विधान सभा की बैठक बुलाओ। राज्यपाल ने उन्हें आदेश दिया कि जब विधान सभा की बैठक होगी, तब आप अपनी ताकत दिखलायें। विधान सभा की बैठक 28 जनवरी को हुई। राज्यपाल ने विधान सभा में जो भाषण दिया, उस में कहा गया था कि अनुदानों की मांगों पर विचार करने के लिए और कुछ अन्य लेजिस्लेटिव कार्यवाही करने के लिए बैठक हो रही है। विरोधी दल शक्ति परीक्षण करना चाहता था, लेकिन शक्ति परीक्षण से पहले ही विधान सभा के एक सदस्य श्री जोगिन्द्र सिंह को गायब कर दिया गया। श्री जोगिन्द्र सिंह ने विधान सभा में इस सम्बन्ध में अपना वक्तव्य भी दिया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्य मंत्री पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मुझे हरियाणा के मुख्य मंत्री के घर पर बुलाया गया, पहले एक लाइसेंस नजर किया गया, फिर भी जब मैं कांग्रेस दल में शामिल नहीं हुआ तो मुझे राज्य के सी० आई० डी० के दो अफसरों के साथ गाड़ी में बैठा कर जयपुर और अजमेर भेज दिया गया।

15 hrs.

श्री रणधीर सिंह : सरासर झूठ है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सभापति जी, श्री जोगिन्द्र सिंह को जयपुर में कहां ठहराया गया, अजमेर के किस होटल में उनके रहने की व्यवस्था की गई—यह भी बताया जा सकता है। जो गाड़ी उन को लेकर गई उस का नम्बर भी बताया जा सकता है और सी० आई० डी० के दो अफसर जो उन के साथ गए थे, जो समय समय पर मुख्य मंत्री से टेलीफोन पर सम्पर्क स्थापित करते थे, उन टेलीफोनों के नम्बर भी दिये जा सकते हैं। क्या गृह मंत्री जी सेन्ट्रल जांच ब्यूरो के द्वारा इस की जांच कराने के लिए तैयार हैं ? हरियाणा की सरकार कठघरे में है, उस पर इस की जांच का काम नहीं छोड़ा जा सकता। यह विधायक के अपहरण का मामला है, यह लोक तन्त्र की रक्षा का सवाल है। अगर श्री जोगिन्द्र सिंह झूठ कहते हैं तो उस झूठ का पर्दा फ़ाश किया जाना चाहिये। लेकिन जिस मुख्य मंत्री पर आरोप है, उस के कहने मात्र से जोगिन्द्र सिंह के

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

आरोप गलत साबित नहीं किये जा सकते। गृह मंत्री इस मामले की जांच कराने का वचन दें ताकि सच्चाई सामने आ सके।

श्री शिवनारायण (बस्ती) : कोर्ट में जाओ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : कांग्रेस के एक बुद्धिमान सदस्य कह रहे हैं कि अदालत में जाइये। क्या अदालत में जाने के लिए उनकी इजाजत की जरूरत है ? अदालत में जाने के लिए परामर्श किसी वकील से लिया जायेगा, आपसे नहीं।...(**व्यवधान**)... सभापति जी, आपको याद होगा कि इसी हरियाणा में दल-बदल के आधार पर गैर-कांग्रेसी सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था। लेकिन क्या आज हरियाणा में दल-बदल नहीं हो रहा है? अब हरियाणा के राज्यपाल को क्यों सांप सूंघ गया है ? दल-बदल अगर उस समय बुरा था तो क्या आज वह बुरा नहीं है ? उस समय किसी सदस्य को उठाकर नहीं ले जाया गया था, कम से कम इस तरह का आरोप नहीं लगाया गया था।

एक माननीय सदस्य : मध्य प्रदेश में क्या हो रहा है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मध्य प्रदेश में कांग्रेस वाले सत्याग्रह कर रहे हैं, सरकार को बदलना चाहते हैं। लेकिन अगर हरियाणा में विरोधी दल वाले सत्याग्रह करें तो फिर गृहमन्त्री की प्रतिक्रिया क्या होगी ? मैं अब समाप्त कर रहा हूं। एक विषय मुझे और लेना है।

चुनाव के दिनों में प्रधान मन्त्री ने बड़ा व्यापक दौरा किया। उन्होंने हमें गालियां सुनाईं। हम औरतों की गालियों को बुरा नहीं मानते हैं, यह हमारी पुरानी परम्परा है। लेकिन हम इस देश के प्रधान मन्त्री से आशा करते थे कि वे चुनाव में मतदाताओं को शिक्षित करने का काम करेंगी और अपने पद की गरिमा के अनुसार थोड़ा सा ऊँचा उठकर बोलेंगी। लेकिन प्रश्न यह नहीं है। प्रश्न यह है कि प्रधान मन्त्री के दौरे का खर्चा किसने किया ? प्रधान मन्त्री जाती थीं तो उससे पहले बल्लियां खड़ी की जाती थीं... (**व्यवधान**)...बल्लियां खड़ी करने की क्या आवश्यकता थी ? कई जिलों से पुलिस बुलाई जाती थी। क्या प्रधान मन्त्री को जनता से डर लगता था ? यही नहीं, मेरठ के पास एक बारात को चार घण्टे के लिए सड़क पर रोक दिया गया। जिस बस पर वे लोग बैठे थे उसका मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया इसलिए कि भारत की प्रधान मन्त्री आने वाली हैं और अब कोई दूल्हा नहीं जा सकता है। उस दिन वह शादी टालनी पड़ी। दुल्हन बैठी रही, बारात सजी रही और पुलिस चार घण्टे तक उस बारात की बस को रोके रही। यह एक गम्भीर मामला है, कोई साधारण बात नहीं है। इंग्लैंड की महारानी के लिए भी इतनी पुलिस का इन्तजाम नहीं होता है लेकिन भारत के लोकतन्त्र में पुलिस दबाव दिखाकर भीड़ एकत्र करने का प्रयत्न करती है।... (**व्यवधान**)... डा० राम सुभग सिंह कहते हैं कि प्रधान मंत्री का खर्च कांग्रेस करती है लेकिन जब बिहार की सरकार ने तीन लाख का बिल बनाकर कांग्रेस को दिया तो कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कैसा बिल है, ऐसा लगता है कि बिहार की सरकार के पास पैसा नहीं है। प्रधान मंत्री अगर थोड़ी देर के लिए किसी डाक बंगले में रुकीं तो उस डाक बंगले की मरम्मत पर 30 हजार रुपया खर्च किया गया। फिजूलखर्ची की यह स्थिति है।

इससे भी महत्वपूर्ण एक और मामला है। समाचार-पत्रों के अनुसार प्रधान मन्त्री ने चुनाव में कांग्रेस के लिए लाखों रुपए इकट्ठे किए। यह रुपया प्रधान मन्त्री को किसने दिया ? मेरे पास 23 जनवरी का "हिन्दुस्तान टाइम्स" है। मैं उसका एक अंश

पढ़ना चाहता हूँ :

> "Shri Nijalingappa also discussed with Mrs. Gandhi the question of funds for the election. The Prime Minister has been able to secure contributions totalling more than Rs. 10 lakhs for the A.I.C.C. So far the AICC has collected nearly Rs. 20 lakhs. Mrs. Gandhi has reportedly assured Mr. Nijalingappa that she would get at least another Rs. 5 lakhs for the party."

इस समाचार का खंडन नहीं किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष, श्री निजलिंगप्पा ने यह स्पष्ट नहीं किया कि प्रधान मन्त्री को यह धन किसने दिया। अगर यह धन कांग्रेस पार्टी के लिए था तो कांग्रेस अध्यक्ष को दिया जा सकता था, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष को दिया जा सकता था। क्या यह गुप्तदान था? आखिर इसके देने वाले कौन हैं? उन्होंने वह धन प्रधान मन्त्री को क्यों दिया और उसके बदले में उन्होंने क्या मांगा। प्रधान मन्त्री इस संसद के प्रति जिम्मेदार हैं, इस देश की जनता के प्रति जिम्मेदार हैं जिनसे पैसा इकट्ठा किया गया है, उनके नामों को स्पष्ट किया जाये। प्रधान मंत्री को कांग्रेस के लिए धन एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन प्रधान मन्त्री के बिना धन कौन देगा? धन देने वाले बदले में क्या चाहते हैं और बदले में क्या दिया गया है, यह तभी स्पष्ट हो सकता है जबकि प्रधान मंत्री ने जिनसे धन लिया है, उसके बारे में सारा विवरण इस सदन के सामने रखें। और मंत्रियों ने भी इसी प्रकार से धन इकट्ठा किया है। कांग्रेस के नेता लोकतन्त्र की स्वस्थ परम्पराओं को प्रारम्भ करने की बातें करते हैं। लेकिन पूंजीवाद राजनीति को दूषित कर रहा है। पूंजीवाद के द्वारा और शासनतन्त्र का दुरुपयोग करके लोकतन्त्र की गंगा को विकृत करने का यत्न किया जा रहा है।

यदि समय होता तो मैं कुछ विदेशी मामलों पर भी कहता कि किस तरह से प्रधान मन्त्री ने भारत को रूस का पिछलग्गू बना दिया है। बलगारिया के राष्ट्रपति भारत में आये थे, वे हमारे सम्मानित अतिथि थे और हम उनके साथ मित्रता के सम्बन्धों को दृढ़ करना चाहते हैं लेकिन हमारे आतिथ्य का अनादर करके उन्होंने यहां जेकोस्लोवेकिया के विरुद्ध भाषण दिया। उन्होंने जेकोस्लोवेकिया के ऊपर रूस और वारसा संधि देशों के हमले के औचित्य को ठहराया। आज जेकोस्लोवेकिया के नौजवान रूसी प्रभुत्व के विरुद्ध अग्नि स्नान कर रहे हैं, आत्माहुति दे रहे हैं। उन अग्नि स्नान करने वाले बलिदानी नवयुवकों पर, भारत की भूमि में बैठकर, बलगारिया के राष्ट्रपति ने, कीचड़ उछाला। क्या हम किसी अतिथि को अपने देश में इस बात की इजाजत देंगे? लेकिन जबसे प्रधान मन्त्री सोवियत क्रांति की 50वीं वर्षगांठ में गई तबसे लेकर आज तक उन पर रूस के दबाव का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष अगर सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस में जाते तो गलत नहीं होता। सोवियत क्रांति विश्व इतिहास की एक घटना है। लेकिन प्रधान मन्त्री के जाने की जरूरत नहीं थी। एक गलत औरत, गलत वक्त पर और गलत जगह पर गई। आज भारत के सम्मान को क्रेमलिन के कंगूरों पर सूली पर चढ़ाया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि भारत रूस या अमरीका, किसी का भी पिछलग्गू बने। लेकिन प्रधान मन्त्री की पिछले साल भर की नीति भारत को रूस के कहने पर ले जाने की है। भारत की स्वाभिमानी सर्वप्रभुतासम्पन्न जनता इसके लिए जवाब चाहती है। यह सरकार जनता का विश्वास पहले ही खो चुकी है। यह सरकार जितनी जल्दी शासन से हट जाये, उतना ही अच्छा है। धन्यवाद।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़) : सभापति महोदय, वाजपेयी जी के भाषण को

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

मैं बड़े गौर से सुन रही थी । मुझे ऐसा लग रहा था कि उनका वह निर्णय कि हम अविश्वास के प्रस्ताव पर अपना समर्थन नहीं देगें, उनके लिए भी अच्छा था । चूंकि बहुत सी बातें जो उन्होंने कहीं, राजस्थान के बारे में या कुछ और, अगर किसी दूसरे समय इसकी चर्चा करते तो हम हृदय से उसका समर्थन करते ।

परन्तु मुझे बड़ा अफसोस इस बात का है कि श्री वाजपेयी जी जो कि अपनी पार्टी के और अपने आपके आचरण के बारे में बड़ा गर्व अनुभव करते हैं, मैं मानती हूं कि कभी कभी वह अपनी पार्टी को और उनके आचरण के बारे में संकेत भी देते रहते हैं, उन्होंने बैठते बैठते एक ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया जो श्री वाजपेयी जी के लिए शोभा नहीं देता । वह शब्द क्या था ? उन्होंने कहा कि एक गलत औरत गलत जगह पर और गलत काम के लिए गयी । आप किसी भी पार्टी की, किसी सरकार की नीति की आलोचना कर सकते हैं, प्रजातंत्र में इस बात के लिए संसद बनी हुई है, और आप अगर विरोध में जीत कर आये हैं तो जरूरी बात है कि जिस पार्टी की सरकार है उसकी आलोचना आप करें । परन्तु यह सब उनकी जबान से अच्छा नहीं मालूम होता । गलत औरत से मतलब क्या है उन का ? वह कह सकते थे कि प्रधान मंत्री एक गलत काम करने के लिए गयीं । परन्तु मैं उन से यही प्रार्थना करूंगी कि हम सब उन का आदर करते हैं, वह भी आदर करने के लिए गुंजायश रखें । गुस्से में कहा वह भी शोभा नहीं देता ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सभापति जी, में स्पष्ट कर दूं । गलत औरत से मतलब इतना ही था कि अगर श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित उस अवसर पर जातीं तो ठीक होता । प्रधान मंत्री गलत औरत थीं ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : हिन्दी भाषा की विकृतियां इतनी हद तक फैलायी जा सकती हैं मुझे इसका अन्दाज नहीं था । खैर में अब इस को छोड़ देती हूं ।

जो भाषण हुए हैं उन से शुरू करना चाहती हूँ । अविश्वास का प्रस्ताव लाने वाले जो लोग हैं मैं उन से पूछना चाहती हूँ कि जिस चुनाव की चर्चा वह कर रहे हैं उस चुनाव के बारे में, उस पार्टी के सदस्यों के बारे में उन के नेताओं ने क्या कहा था मैं जरा इस बात का हवाला देना चाहती हूँ । मधु लिमये जी पटने के लान में जिस समय चुनाव भाषण देने के लिए गये थे, जिस पार्टी के बारे में आज बहुत हर्षित हो कर के, गर्वित हो कर के इस बात का ऐलान कर रहे हैं कि वेस्ट बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी बहुत जोरों से जीती है इसलिये आज हमारी जो सत्ता है हमारे हाथ से छीन लेनी चाहिये, वही श्री मधु लिमये ने पटने के लान में जो कहा था मैं उसको दोहराना चाहती हूं । पटने के लान में सब लोगों के सामने उन्होंने कहा था कि कम्युनिस्ट पार्टी गद्दारों की पार्टी है, देश द्रोहियों की पार्टी है और उन को मत देना देशद्रोहियों को मत देना होगा । जिस पार्टी को उन्होंने देश द्रोही करार दिया उस पार्टी के जीतने पर हम यह कभी भी उम्मीद नहीं करते थे कि वह हमें इस बात का एहसास करायेंगे कि हमें सत्ता को छोड़ देना चाहिए क्योंकि वेस्ट बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी जीती है । मधु लिमये जी एक महीने के अन्दर इतना रंग बदल सकते हैं इस का मुझे विश्वास नहीं था ।

मैं और सब प्रान्तों के बारे में यह कहना चाहती हूँ, जिन लोगों ने अविश्वास का प्रस्ताव दिया है, मैं श्री रामामूर्ति की इस बात को समझ सकती हूं कि वेस्ट बंगाल में उन की पार्टी जीती है और वह अपनी पार्टी के लिए जो चाहें बोल सकते हैं, परन्तु वाकई दूसरी पार्टियों से पूछना चाहती हूं

कि अगर उनके कथनानुसार आज भी कांग्रेस को हर पार्टी के मुकाबले चौगुना बहुमत मिलने के बावजूद भी कांग्रेस को हट जाना चाहिए, तो मैं उन से पूछना चाहती हूँ कि उत्तर प्रदेश में और पंजाब में जिनकी जिनकी हार हुई है उन सब को भी यहां से हट जाना चाहिये। जनसंघ, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं से मैं पूछना चाहती हूं, स्वतंत्र पार्टी के नेताओं से मैं पूछना चाहती हूं, कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से यह पूछना चाहती हूँ, पश्चिम बंगाल हिन्दुस्तान नहीं है। हिन्दुस्तान में सारे प्रदेश हैं; एक आइने में सारे हिन्दुस्तान का नक्शा देखने के पहले यह समझ लीजिये कि उस नक्शे में आप की सूरत कैसी दिखाई पड़ रही है। सिर्फ बंगाल को उदाहरण मान कर हम से यह कहा जाय कि हम शासन छोड़ दें यह उचित नहीं होगा। जिस पार्टी को जनमत आज भी चौगुना हर पार्टी से ज्यादा मिला है वह इन के भरोसे पर सरकार छोड़ कर निकल जाय यह कहां की नीति है। हमारी एक संघीय शासन प्रणाली है। बिहार का जो नतीजा 1967 का था उस को मैं आप के सामने रखना चाहती हूं। 1967 में बिहार की जनता ने मत दे कर साफ कर दिया था कि कांग्रेस को विधान सभा के लिये 128 मत मिले और लोक सभा में सदस्यों को उस से कहीं ज्यादा मत मिले थे। तो हम जनता के मत से आये थे, इन की मेहरबानियों से नहीं आये थे। मैं यह भी जानना चाहती हूं कि जिस बंगाल का इतना ढोल पीटा जा रहा है, बंगाल की जनता अगर आज नहीं सम्भली है तो कल जरूर सम्भलेगी, कि उसका भला किसमें है। हमने वह दिन भी देखा है जब कांग्रेस के बारे में यह कहा जाता था कि लालटेन को भी अगर सामने खड़ा कर दिया जाय तो उसको भी बहुमत मिल जायगा। परन्तु आज वह बहुमत नहीं रहा और मैं उन लोगों से कहना चाहती हूं कि आप का भी नहीं रहेगा, बहुत जल्दी खत्म होगा। बड़ा गर्व आपको हो गया है। परन्तु ऐसे गर्व में रावण भी नहीं टिक सका, सीता नहीं टिक सकी और आप भी नहीं टिकेंगे। यह क्षुद्र नदी की तरह बहुत जल्दी समाप्त हो जायगा। तुलसीदास जी ने ठीक ही कहा है :—

छुद्र नदी भरि चल उतराई,
जस थोरे धन खल बौराई।

आपको बंगाल में सफलता मिली है, मैं मानती हूं कि वहां के जनमत ने इस बात का निर्णय लिया कि जिसको नौ महीने सरकार बनाने का मौका मिला था उसको और समय दे। वही जनमत समयानुसार अपना रास्ता भी ढूंढ लेगा। हिन्दुस्तान का जनमत हमेशा अपने लिये रास्ता ढूंढ लेता है, आपके कहने से वह रास्ता नहीं ढूंढेगा और न मेरे कहने से ढूंढेगा, वह अपने फायदे का रास्ता ढूंढेगा, जनमत पर हमें विश्वास है, उसने जो बंगाल में मत दिया है उसको भी हम प्रणाम करते हैं। परन्तु मैं यह भी कहना चाहती हूं कि तुलसी दास जी की उस उक्ति को याद रखिये कि थोड़ा सा धन मिल जाने पर अगर बौरायेगा तो जल्दी ही पतन होगा और फिर कहीं ठिकाना नहीं मिलेगा। आप यह न समझिये कि बंगाल हिन्दुस्तान का आइना है। वह बंगाल का आइना हो सकता है, लेकिन हिन्दुस्तान का नहीं क्योंकि मैं उदाहरण देना चाहती हूँ कि बिहार में राइट कम्युनिस्ट पार्टी के लोग खाते हैं आपका और वोट देते हैं मार्किसिस्ट पार्टी को। मार्किसिस्ट कम्युनिस्ट पार्टी की मैं इतनी तारीफ जरूर करूंगी कि जो वह कहती है यह करती है। परन्तु दक्षिण पंथी कम्युनिस्ट पार्टी कहती कुछ है और करती कुछ है। इनकी मैं चर्चा नहीं करना चाहती। यह जा रहे हैं इनको एहसास नहीं हो रहा है। आज वामपंथी कम्युनिस्ट पार्टी बंगाल में आयी है इनके कलेजे पर चढ़कर प्रजातन्त्र के तरीके पर दूसरी पार्टी आये यह हमारे लिये तो खतरा हो सकता है। लेकिन देश के लिये क्या खतरा हो सकता है। हमने

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

देश को एक संविधान दिया है। पार्टियां आयेंगी और जायेंगी, इसमें कोई शर्म हया और बेचैनी की बात नहीं है। एक पार्टी आयेगी और दूसरी बाहर जायेगी। और जो पार्टी बाहर जायेगी वह इस बात का प्रयत्न करेगी कि फिर वह आये। प्रजातंत्र में इस से बल मिलता है। परन्तु मैं उन लोगों से पूछना चाहती हूं, जो पीछे बहुत बड़े बड़े नारे लगाते हैं, कि आप का क्या हाल हुआ है। आज पश्चिमी बंगाल में मार्किसिस्ट पार्टी आयी है वह आप के कलेजे पर चढ़ कर आयी है, आपसे अलग होकर निकली और आपको दिखा दिया कि कितने गहरे पानी में आप हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब में जो हाल आप का हुआ है वह देखिये। बिहार में भी जो हाल आपका हुआ है वह भी देखिये। जहां जहां आप उम्मीदवार थे वहां वहां आप के उम्मीदवारों ने शायद ही कहीं पर अपनी सीट रखी है। यह आप के लिए उदाहरण हम से ज्यादा है। रामावतार शास्त्री जी, मैं आपके क्षेत्र की बात कर रही हूं। आप जिस क्षेत्र से इस बात का बीड़ा उठा कर गये थे कि हमारा उम्मीदवार आयेगा आपके उस निश्चय पर किस तरह से जनता ने पानी फेर दिया इस को आप मत भूलिए। इस लिए आप चुप रहिये।

अविश्वास का प्रस्ताव रखने वाले लोगों ने जिन मूल सिद्धांतों को रखा उस के बारे में माननीय वाजपेयी जी खुद जानते हैं कि वे गलत हैं और उसका विरोध होना चाहिये। यह बात माननीय वाजपेयी जी महसूस कर रहे थे कि उनके बोलने के लिये कोई बात नहीं है। मैं कभी नहीं कहूंगी कि वाजपेयी जी जो परचा लाये हैं वह गलत छपाकर लाये हैं। परन्तु हम और आम चुनाव में गये हैं, क्या हम इन्कार कर सकते हैं कि कैसे कैसे पर्चे छपते हैं जिन से कोई रिश्ता नहीं होता उम्मीदवार का। इलेक्शन पिटीशन्स इस बात के सबूत हैं, कई उम्मीदवारों ने कहा है कि इस से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है। हमारा भी तजुर्बा है कि हमारे विरोधी दल अगर हमको बदनाम करना चाहते हैं तो हमारे नाम से पर्चे बटवाते हैं, छपवा कर के पर्चे बटवाते हैं।

उसको न हम और न आप अहमियत दें क्योंकि उनको अहमियत देकर हम अपनी राजनीतिक परम्पराओं को बिगाड़ेंगे और उनकी अवहेलना करेंगे। इसलिए मैं वाजपेयी जी से कहना चाहती हूं कि हमें किसी बात का फख्र नहीं हो सकता। हमने गलतियां कीं। मैं मानती हूं कि कांग्रेस ने गलतियां की हैं लेकिन हमें एक बात का फख्र जरूर है कि हमारी नसों में बहने वाले खून की एक बूंद में न तो साम्प्रदायिकता है, न जातीयता है और न ही वर्गवाद या क्षेत्रीयता है। उन संस्कारों में हम पैदा नहीं हुए हैं और उन संस्कारों को लेकर हम सोचते नहीं हैं। भले ही आज वह कमाई मेरी अपनी न हो या मेरे अपने साथियों की निजी न हो परन्तु जो संस्कारों की कमाई हमारे पूर्वज छोड़ गये है उन स्वस्थ संस्कारों और परम्पराओं के बीच में हम पले व बढ़े हैं। हम और दूसरे तरीक़े से नहीं सोचते यह बात आप भी जानते हैं। इसीलिए वाजपेयी जी, अभी दो दिन पहले आपने बिहार में अपना हाथ बढ़ाया था और कहा था कि कांग्रेस अगर हमसे सहयोग देने के लिए कहे तो हम सहयोग देने के लिए तैयार हैं...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने नहीं कहा।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : उस वक्त तो कहा था अब हो सकता है कि उन्होंने अपनी उस राय को बदल दिया हो। लेकिन अभी कल या परसों की बात है कि आपने कहा कि कांग्रेस को बहुमत मिला है और इसलिए कांग्रेस सरकार बना सकती है और अगर वह हमसे इसके लिए सहयोग मांगती है, मदद की हमसे अपेक्षा रखती है तो हम

उसे मदद देने के लिए तैयार हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह मैंने नहीं कहा। इस तरह से जबरदस्ती मेरे मुंह में यह शब्द ठूंसे जायं तब तो बड़ी मुश्किल होगा।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : अख़बार में निकला था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सदस्य महोदया अख़बार ठीक तौर से नहीं पढ़ती हैं इसीलिए ऐसा समझ रही हैं।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : वाजपेयी जी कह रहे हैं कि मैंने ठीक तौर से अख़बार नहीं पढ़ा तो बाद में जब उन्हें मौका मिले तो वह खुद ही बतला दें जोकि उन्होंने कहा था।

आपने अभी भी अपने भाषण में इस तरफ इशारा किया है कि एक दल की सरकार आज की वर्तमान परिस्थिति में सम्भव नहीं है। वह तो जब हमारे कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम जनसंघ और कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सरकार नहीं बनायेंगे तब से भले ही आपने अपने इरादे बदल दिये हों वह और बात है। लेकिन आज भी अपने भाषण में अपने एक वाक्य में यह इशारा दिया, नाम तो नहीं लिया लेकिन इशारा अवश्य दिया कि आज की राजनीतिक परिस्थिति में लोगों को मिलजुल कर सरकार बनाने के लिए बाधित होना पड़ेगा। अल्पमत की सरकार नहीं चलेगी। मैं मानती हूं कि बंगाल में अल्पमत की सरकार बनी। हमने परिस्थितियों के वश होकर कुछ ग़लत काम किये। हम आपकी तरह नहीं हैं कि अपनी ग़लतियों को न मानें। हम अपनी गलतियों को मान लेते हैं और गलती का मान लेना प्रजातंत्र में एक बहुत अच्छी चीज है। लेकिन इस बात को मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि अल्पमत की सरकार के बारे में नीति अगर परिवर्तित हुई है तो यह यहां पर इन लोगों के कहने से नहीं हुई है बल्कि स्वयं हमारी पार्टी के अन्दर यह बात उठी थी और हमारी पार्टी में ही इस बात की चर्चा हुई थी कि ऐसी नीति हमको नहीं बनानी चाहिए और हमने उस नीति को बदला। हम इस बात का दावा नहीं करते कि हम जनमत बनाते हैं मगर इस बात का दावा जरूर करते हैं कि अपनी पार्टी में खुले तौर से आजादी के साथ जो चाहें कहें। अपनी आलोचना स्वयं करने की हिम्मत हमारी पार्टी ही दिखलाती है। आपकी पार्टी में वह हिम्मत नहीं है। लेकिन जैसा मैंने अभी कहा हम स्वयं अपनी वहां आलोचना करके प्रजातांत्रिक पद्धति से अपनी नीतियों को बदल देते हैं।

मैं यह चाहती थी कि यह लोक सभा, यह संसद, इस तरह की संस्था बनती, जहां पर राष्ट्रीय स्तर की जो समस्याएं हैं, उनका राष्ट्रीय समाधान होता।

अभी हमारे राममूर्ति साहब ने शिवसेना के बारे में कहा लेकिन यह कैसे सोचा जा सकता है कि कांग्रेस शिवसेना को बढ़ावा देगी ? (**व्यवधान**) अब यह सारी दुनिया जानती है कि इस तरह की क्षेत्रीय भावनाएं और जो आन्दोलन आदि पैदा हो रहे हैं उनका फ़ायदा विरोधी दलों ने उठाया है हमने नहीं उठाया है। हमको उनसे नुकसान हुआ है। जाहिर है कि आज अगर शिवसेना बढ़ती है तो वहां कांग्रेसी शासन कमजोर होता है आप नहीं कमजोर होते हैं... (**व्यवधान**)।

मैं श्री मधु लिमये को कहना चाहूंगी कि जिंदगी भर उन्हें गलतफहमियां बनी रहेंगी क्योंकि वह ठीक तरीक़े से सोचते नहीं हैं। दूसरे की बात वह सुनते नहीं हैं बस अपनी ही कहे जाते हैं और ऐसी हालत में उनकी गलतफहमियां कभी दूर नहीं होंगी। मुझे तो कभी-कभी उन पर अफसोस

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

होता है कि भगवान ने इतनी प्रतिभा जो उन्हें प्रदान की उसका इस्तेमाल मधु लिमये साहब ठीक तरीक़े से नहीं करते हैं।

विरोधी दल वालों द्वारा श्री चह्वाण, नाइक और हमारे महाराष्ट्र के जो दूसरे नेता हैं उनके ऊपर यह इलजाम लगाया गया है कि वह शिव सेना को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन मैं उनसे पूछना चाहूंगी कि शिव सेना की शक्ति ज्यादा बढ़ने से नुकसान किसको हो रहा है? हमारी संस्था को नुकसान हो रहा है। हमारी संस्था को इसलिए नुकसान हो रहा है कि आप जाकर वहां क्षेत्रीय और साम्प्रदायिक बातों के ऊपर नारे लगाते हैं लेकिन हम उन्हें संस्कारवश नहीं लगा सकते हैं। हमने इस तरह के साम्प्रदायिक व क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाले नारे कभी भी नहीं लगाये और आज भी जब हम बात करते हैं तो पूरे देश की बात हम करते हैं। चरणसिंह जो उत्तर प्रदेश में जीतकर आये वह इसलिए हुआ कि कांग्रेस ने जाट और अहीरों की बात नहीं कही। क्या श्री वाजपेयी इस बात से इंकार कर सकते हैं कि एक सम्प्रदाय उनसे इतना घबड़ाता क्यों है? मैं चाहती हूं कि मुसलमान जनसंघ को गले लगायें। आप उनके अन्दर अपने प्रति इतना विश्वास पैदा कीजिये कि वह आपको गले लगायें। मैं चाहती हूं कि राजनीतिक पार्टियां यहां बढ़ें। एक राष्ट्रीय और राजनीतिक दृष्टिकोण को लेकर अगर पार्टियां देश में बढ़ें तो वह कोई बुरी बात नहीं है। कांग्रेस बढ़े, आप बढ़ें, स्वस्थ राजनीतिक स्तर पर स्वस्थ संस्कारों को लेकर अगर हम सब बढ़ें तो वह एक अच्छी बात होगी और उस हालत में मैं आपको मुबारकबाद दूंगी कि आप बढ़े।

मैं वाजपेयी साहब से यह पूछना चाहूंगी कि मुसलमानों ने आपको विश्वास क्यों नहीं दिया? क्रिश्चियंस ने आपको वह विश्वास क्यों नहीं दिया। हमने उनसे नहीं कहा था कि वह जनसंघ को वोट न दें...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आपने जनसंघ को वोट न देने के लिए उनसे कहा था।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : हमने ऐसा नहीं कहा था। हम इस तरह का वातावरण तैयार नहीं करते हैं। हमारी प्रधान मंत्री ने बार बार उनको यही कहा कि साम्प्रदायिक शक्तियों को आप नीचे करिये, साम्प्रदायिक शक्तियों को बढ़ने से रोकिये। यह आपके लिए चेतावनी ज़रूर थी लेकिन वह आपको अच्छी नहीं लगी। परन्तु वैसा होने में आपका फ़ायदा है और हम सभी का फ़ायदा है क्योंकि राष्ट्र अगर एक रहता है तो हम सबका फ़ायदा है। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि साम्प्रदायिक प्रवृत्तियों के शिकार आप क्यों बनें, हम लोग क्यों न बनें? अगर लोग हम को वोट न दें तो हम समझ सकते हैं। एक पार्टी इतने दिनों तक शासन में रही और जनता अब उसको हटा कर दूसरे को चांस देना चाह सकती है। हमेशा दुनिया में एक तरीका रहा है। आज अमरीका में श्री निक्सन राष्ट्रपति के पद पर आ गये। जानसन चले गये। वैसे श्री जानसन ने अपने देश के अन्दर बहुत अच्छा काम किया था परन्तु एक नीति पर जानसन साहब की हार हुई और अमरीका में श्री निक्सन आये। इस के पहले श्री कैनेडी ने जो पहले रिपब्लिकन पार्टी की सरकार थी इनके हाथों से सरकार अपने हाथ में लेकर नेतृत्व किया। वैसे मैं किसी पार्टी पर इलजाम नहीं लगाना चाहती थी लेकिन श्री ज्योतिर्मय बसु ने जब इस बात को कहा है, कुछ चुनौती दी है तो मैं जरूर उस बात की चर्चा करना चाहती हूं और पूछना चाहती हूँ कि महाराष्ट्र में तो कांग्रेस की सरकार है परन्तु मद्रास में किस की सरकार है? वहां पर तो डी० एम० के० की सरकार है जिसे कि कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन प्राप्त है वहां तंजौर में जो कुछ हुआ उसके लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मे-

दार नहीं कही जा सकती है उसकी जिम्मेदारी तो उन पर आती है। वहां पर 42 हरिजन जला कर राख कर दिये गये। वहां पर कांग्रेस पार्टी तो इसके लिए जिम्मेदार नहीं थी बल्कि आप व आपकी सरकार जिम्मेदार थी। मैं जानना चाहती हूँ कि वहां के किसानों और मजदूरों में दर और कीमत को लेकर झगड़ा था तो सन् 67 में आपकी सरकार थी और डी० एम० के० की सरकार को कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन प्राप्त था, लेकिन उसके बावजूद भी वहां पर जो यह 42 हरिजनों की हत्या हुई तो कांग्रेस तो उसके लिए जिम्मेदार नहीं थी बल्कि वह ही वहां पर थे। मैं दावे के साथ इस बात को कहना चाहती हूँ कि आज जो उनके द्वारा इस सरकार के ऊपर अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया है तो डी० एम० के० गवर्नमेन्ट के ऊपर वह अविश्वास का प्रस्ताव क्यों नहीं लाते जिसके कि आफिस में रहते हुए हरिजनों की इस तरह से हत्या हुई। (**व्यवधान**)

SHRI G. VISWANATHAN (Wandiwash): In Tanjore, the Congress people have been responsible; those responsible have been arrested.

SHRI UMANATA (Pudukkottai): It is the Congress landlords of Tanjore who burnt the Harijans there. (*Interruption*)

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं एक दूसरी बात कहना चाहती हूँ। बंगाल में ठीक है कि जनमत ने यह फैसला किया कि नौ महीने जो सरकार बनी वही ठीक थी और उसके बारे में जनमत ने जो यह निर्णय लिया कि वह पार्टी ठीक थी मैं उस फैसले को मानती हूं। लेकिन इससे भी कौन इंकार कर सकता है कि जब वहां पर संयुक्त दल की सरकार थी तो वहां पर करीब-करीब 636 कारखाने बंद हो गये थे और उसका नतीजा यह कि एक लाख से ज्यादा आदमी बेकार हो गये। हमारे बिहार के काफी लोग बंगाल में काम करते हैं।

उनको मालूम होना चाहिए कि वहां के जो मजदूर हैं, जिन पर आज उनका कब्जा है, उन में से बहुत ज्यादा संख्या बिहारियों और उत्तर प्रदेश के लोगों की है। मैंने अपने इलाके में देखा कि कलकत्ते से लौट कर लोग आये हैं। उनके पास काम नहीं है। मैंने कहा : आप यहां कैसे आ गये। उन्होंने कहा कि कारखाने बन्द हो गये इस लिए चले आये हैं। मैंने अपनी आंखों से देखा है। मैं गई हूँ और उन से मिली हूँ। कलकत्ते से लौट कर जो लोग आये हैं··· (**व्यवधान**)···इससे कौन इन्कार कर सकता है। लोग कांग्रेस को गालिया दें यह उन को अच्छा लगता होगा, परन्तु असलियत सुनना भी क्यों अच्छा नहीं लगता। बात यह है··· (**व्यवधान**)···इतनी जल्दी बौखलाने का मतलब है कि अभी-अभी जो जमीन नीचे मिली है उसके बारे में उनको विश्वास नहीं है कि वह रहेगी, वर्ना अगर उनको यह एहसास होता कि उनकी ताकत वाकई बढ़ी है तो वह महासागर की तरह शान्त रहते, आज इस तरह से उछलते नहीं।

मैं दूसरी बात कहना चाहती हूँ। बंगाल में 1966 के मुकाबले में 1968 में 5 प्रतिशत रोजगारी में कमी हो गई। यानी अगर वहां की आबादी 5 करोड़ की है और 5 फीसदी रोजगार कम हो गये तो कितने लोगों को रोजगार नहीं मिला ? वहां कम से कम 25 लाख लोगों को रोजगार नहीं मिला जो कि मिल सकता था। 25 लाख वह नौजवान हैं जो रोजगार की आशा में वहां आंखें बिछाये हुए थे।

अन्त में मैं उड़ीसा सरकार के बारे में कुछ कहना चाहती हूँ। आज उस के बारे में हम यहां पर बहुत नहीं सुनते हैं क्योंकि उड़ीसा सरकार को समर्थन देने वाले यहां पर जो लोग हैं उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव नही रक्खा है। मैं उन की चर्चा यहां करना जरूरी नहीं समझती थी, पर श्री दाण्डेकर ने

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

हम को बहुत नसीहत दी। जितने शब्द उन की डिक्शनरी में थे, कुछ अपनी डिक्शनरी से लेकर और कुछ और लोगों की डिक्शनरी से लेकर, उन को हमारे ऊपर बरसा दिया। लेकिन ऐसी बारिश है तो उसका कोई फायदा नहीं होता। चूंकि श्री दाण्डेकर ने हमें नसीहत दी कि हम कुछ करते नहीं, इस लिए मैं भी कुछ आंकड़े दूंगी उड़ीसा सरकार के बारे में, जो मेरे पास हैं। उड़ीसा सरकार के बारे में यह कहा गया है कि वहां पर करीब-करीब दो घरों में एक घर की आय 50 रुपये से कम है। यानी अगर किसी जगह दो घर हैं तो एक घर की, एक परिवार की आय 50 रुपये से कम है। यह आंकड़े जहां उनकी सरकार है मैं वहां के बारे में दे रही हूं।

एक माननीय सदस्य: वहां पर बीस साल आपकी सरकार रही है।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : बीस साल तक तो हम वहां रहे, लेकिन आप ने तो हमको छः महीनों में जन्नत दिखलाने का वादा किया था। हमने तो कोई ऐसा वादा किया नहीं। हम ने कभी बड़े-बड़े वादे नहीं किये, और जो वादे किये उनमें से कुछ पूरे किये और कुछ पूरे नहीं किये। लेकिन उनको बराबर कहते रहे हैं कि यह वादे हम पूरे नहीं कर सके हैं। इस की यह दिक्कतें हैं। यह आंकड़े मेरे बनाये हुए नहीं हैं। यह आंकड़े प्रकाशित आंकड़े हैं जिन को उड़ीसा की सरकार ने खुद मान्यता दी है कि दो घरों में एक घर की आय 50 रुपये से कम है। मैं दूसरा आंकड़ा रखना चाहती हूं, और वह यह कि (व्यवधान) 1966 से लेकर, 1967 तक जहां 1 लाख 67 हजार सरकारी अधिकारी काम कर रहे थे, अब वहां 1 लाख 83 हजार अधिकारी काम करने लगे हैं। यानी ये सारे जो लोग वहां सरकार में आ गये। अगर इसके मुकाबले में काम बढ़ता तो हमें कोई ऐतराज नहीं था, परन्तु काम कुछ भी नहीं बढ़ा।

मैं यही कहना चाहूंगी कि यह मौका नहीं है जहां मैं अपनी बात रख सकूं, परन्तु एक बात जरूर कहना चाहूंगी। कल बहुत लोगों ने अपने भाषण में कहा था कि क्षेत्रीय समस्यायें पैदा हो रही हैं। बंगाल में चाहे कुछ हुआ हो, लेकिन मार्क्सिस्ट पार्टी और प्रान्तों में नहीं बढ़ी। मैं समझती हूं कि बहुत प्रान्तों की समस्या क्षेत्रीय समस्या है, जिसकी वजह से दूसरे कुछ लोग आगे बढ़ें।

उत्तर प्रदेश में श्री चरणसिंह का आना, पंजाब में अकालियों का आना, तेलंगाना में जो हलचल हुई, शिव सेना की जो हलचलें हुई और जिस तरह से बरबादियां हुई, इन सब के नीचे समस्या क्या है? एक जमाना था जब श्रीनगर में हड़ताल हुई। कभी श्रीनगर में होती है, कभी कलकत्ते में होती है, कभी दिल्ली में होती है और कभी इलाहाबाद में होती है। बनारस में जो हालत हुई वह आप को मालूम है। वहां हम तो थे नहीं। थी सोशलिस्ट पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी और जन संघ। एक विद्यार्थी ने दूसरे विद्यार्थी की जो धुलाई की है वह सब को मालूम है। हम तो हर जगह देख रहे हैं—

एक माननीय सदस्य: धुलाई में क्या हुआ?

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : जो अपने कपड़े गन्दे हैं पहले उनकी धुलाई कीजिये, दूसरे की धुलाई बाद में कीजियेगा।

श्री स०मो० बनर्जी : गन्दे किस ने किये?

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : यह आप जानें। जब हमारे साथ थे तब तो साफ थे, उधर चले गये तब न जाने क्या हो गया।

मैं यह कहना चाहती हूं कि क्षेत्रीय समस्यायें उन असन्तुष्ट नौजवानों की समस्यायें हैं, जिनको आज बेपनाही महसूस

हो रही है। आज वह जिस बेपनाही को महसूस कर रहे हैं उसका अन्दाजा आप हम, सब लगा सकते हैं। लाखों लोग पढ़-लिखकर निकलते हैं लेकिन उनको काम नहीं मिलता है। एक दिन मैं बैंक आफ बड़ोदा में अपना चेक भुनाने गई। वहां के एजेन्ट ने मुझ से बतलाया : तारकेश्वरी जी हमारे यहां आप जानती हैं कि एक क्लर्क की जगह खाली हुई है और उसके लिए 3 हजार इंजीनियरों की दरख्वास्तें आई हैं। समस्या यह है कि उनको रोजगार कैसे दिया जाये और रोजगार देने के लिये काम को कैसे बढ़ाया जाये।

श्री वाजपेयी आज जिस बात की चर्चा कर रहे हैं, मैं चाहती हूं कि पार्टी की तरफ से पहले इस बात की चर्चा हो कि आज देश में जो समस्यायें हैं उनको किस प्रकार से सुलझाया जाये। राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान राष्ट्रीय स्तर पर सभी पार्टियों की राय से और मेल जोल से हो। वह अपने सुझाव दें और हम अपने सुझाव दें और इस तरह से समस्याओं का समाधान करें, वर्ना आज इस देश में हालत यह होने वाली है कि :

दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग से,
इस घर को आग लग गई घर के चिराग से।

आप नहीं जानते हैं कि शिव सेना की आग में, तेलंगाना की आग में, तामिलनाडु के अन्दर विद्यार्थियों की आग में, और मैं कहती हूं कि भाषा का भी आज जो आन्दोलन चल रहा है, उसके अन्दर क्या है। क्या यह नफरत है ? नहीं, यह नफरत नहीं है। आगे बढ़ने का रास्ता बन्द होने की सम्भावना है, इसलिये यह सब कुछ हो रहा है। इस लिये अगर शिव सेना को बन्द करना है, तो शिव सेना की जड़ें जहां से सींची जाती हैं उस समस्या को पहले उठाया जाये। जब जड़ में और बीज में जहर भरा हुआ है तब फुनगी काटने से कोई फायदा नहीं है। जिस तरह से आज देश में आग लग रही है उसकी ओर ध्यान देकर हम मिल-जुलकर उन समस्याओं का समाधान करें। हम कोशिश करें कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के जैसे वातावरण में यहां के विश्वविद्यालय न पनपें। हम कोशिश करें कि हमारे बच्चे ट्रेनों और बसों को इस तरह से आग न लगायें। मगर एक तरफ हवा देना और दूसरी तरफ मरसिया पढ़ना विरोधी दलों को आ सकता है। तुलसीदास ने कहा था कि :

"हँसब, ठठाव, फुलाउब गालू"

तुलसीदास ने कहा कि एक तरफ हँसना और दूसरी तरफ गाल फुलाना दोनों चीजें सम्भव नहीं हैं। लेकिन हमारे विरोधी दलों के लोगों ने वह भी करके दिखला दिया। एक तरफ मरसिया पढ़ते हैं, राष्ट्रीयता की बातें करते हैं, तेलंगाना और शिव सेना के आन्दोलनों की आलोचनायें करते हैं। पर आज जहां एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत होती है वहां अगर कोई काम होता रहता है तो घेराव करके, असन्तोष की आग लगा कर लोगों को भड़काने की कोशिश करते हैं।

श्री मधु लिमये : आप शेर जरूर पढ़ियेगा।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं जरूर पढ़ूंगी, आप के लिए जरूर पढ़ूंगी ! चूंकि आप सुनना चाहते हैं इसलिए पढ़ूंगी। लेकिन आप के ऊपर असर नहीं होता मधु लिमये जी। हो जाता तो अच्छा होता। आज इस अविश्वास प्रस्ताव के समय मैं एक शेर पढ़ना चाहती हूं। आज मधु लिमये जी पर उसका असर भले ही न हो लेकिन देश की जनता हम और आप से यही कहना चाहती है कि :

बुलन्द बादों की हस्तियों पर,
हम जी के क्या करेंगे

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

हमें हमारी जमीन दे दो,
हम आस्मां ले के क्या करेंगे ?

श्री जार्ज फरनेंडीज (बम्बई दक्षिण) : जब इस अविश्वास के प्रस्ताव को यहां पेश किया गया तब यह कहा गया कि इसकी क्या आवश्यकता थी। यह जो तर्क दिया गया है इसको मैं समझ नहीं पाता हूं। आज हमारे सामने कई बातें हैं। उन में से एक तो यह है कि बम्बई में 58 लोगों की मृत्यु हो गई है पुलिस की गोली से और सरकारी आंकड़ों के अनुसार 25 करोड़ रुपये की सम्पत्ति की हानि हो गई है। उस शहर की 53 लाख आबादी में से अधिकांश लोग जो गरीब हैं, गैर मराठी लोग खास तौर पर हैं और आम जनता आम तौर पर है, इस वक्त अपनी जान के बारे में अपने माल मते के बारे में बड़ी चिन्तित है। ऐसे समय में अगर सरकार की गलत नीतियों को ले कर अविश्वास का प्रस्ताव पेश नहीं किया जाता तो और कौन-सा समय था जिस पर इसको पेश किया जा सकता था।

कल से इस बहस में कई मामले सदन के सामने और देश के सामने पेश हो चुके हैं बम्बई की घटनाओं को लेकर। सरकार की अथवा कांग्रेस पार्टी की और पुलिस की इसमें कितनी जिम्मेदारी है इस पर काफी बहस हुई है। मैं गृह मंत्री जी से निजी अनुभव से एक बात कहना चाहूंगा। नौ तारीख को हमारी एक मीटिंग चौपाटी में थी। उस मीटिंग में हमारे दल के नेता श्री मधु लिमये भाग ले रहे थे और उनको मैं वहां ले जाना चाहता था। लेकिन वह शहर के दूसरे कोने में उस वक्त रह रहे थे जहां से उनको मुझे मीटिंग में ले जाना था। हम अपने एक वकील मित्र की गाड़ी लेकर शहर दल अध्यक्ष श्री नाइक को साथ लेकर चले। हम एक पार्ट से निकले बांदरा जाने तब दलायल रोड से होकर मुझे आगे जाना था। बैकुला से लेकर आगे सड़क के दोनों तरफ बी. ई. एस. टी. की चौकियां दूध बेचने के लिए बनी हुई थीं। लोगों की मोटर गाड़ियां और बम्बई शहर की टैक्सियां जलाने का काम वहां चल रहा था। उस धांधली में से हमारी अकेलों की गाड़ी चली। दलाल रोड खत्म होकर जहां बैकुला रोड शुरू होती है वहां सड़क मोड़ लेती है। मोड़ के इस तरफ दस पंद्रह पुलिस अफसर खड़े थे और कई दूसरे पुलिस वाले भी वहां मौजूद थे। मैंने गाड़ी रोकी! पुलिस अफसर से पूछा कि क्या हम वहां से आगे और भी जा सकेंगे ? उन्होंने बड़े हंसते हुए मजाक करते हुए मुझ से कहा कि बड़े मजे से आगे जाइये, जहां तक जा सकते हो जाइये, आपकी मर्जी है। बड़े मजे से आगे बढ़िये। वहां से गाड़ी पचास कदम भी आगे नहीं बढ़ी थी कि सड़क पर बैरीकेड थे और सड़क के उस तरफ लोगों की भारी भीड़ थी और गाड़ियों का जलाने का काम चल रहा था, पत्थर बाजी वहां चल रही थी तत्काल हमें गाड़ी को घुमाना पड़ा और वहां से लौटना पड़ा। अगर हम ऐसा नहीं करते तो हमारी गाड़ी की भी वही हालत होती जो दूसरी गाड़ियों की हो रही थी। वहां से गाड़ी घुमा कर हम लोग पुलिस वालों के पास पहुंचे। वहां वापिस आकर फिर बड़े मजे में और मजाक में बात कही गई कि जाकर लौट आये हैं। यह बम्बई में चार दिन पहले पुलिस का बरताव था। जब इस सब के बारे में कांग्रेस के लोगों से और श्री एस. के. पाटिल से कहा गया तो उन्होंने कहा कि और क्या करना चाहिये था, पुलिस ने 58 लोगों को तो मार डाला है। लेकिन आप देखें कि एक भी गुंडा नहीं मरा है। कैसे लोग मरे हैं ? एक लड़की मारी गई है, अठारह साल की लड़की मारी गई जिसकी उस दिन सालगिरह थी। उसी दिन उसने अपनी सालगिरह मनाई थी वह अपने मकान

की तीसरी मंजिल पर खड़ी थी, गोली चली और उस गोली से वह लड़की मारी गई। हमेशा ऐसा ही हुआ करता है। पुलिस का हाथ उन लोगों के साथ रहता है जो इस किस्म की धांधली चलाते हैं लेकिन गरीब आदमी मारे जाते हैं। यही हालत बम्बई में भी बनी है।

शिव सेना कोई चीज नहीं है। एक बरस पहले शायद फरवरी या मार्च में आपने एक वाक्य कहा था :

"Shiv Sena of Bombay is being financed by big business in the country."

तब मैंने आपको लिख कर प्रश्न पूछा था कि आपके पास इंटैलीजेंस ब्यूरो है, जिस का इस्तेमाल आप हम जैसे लोगों के खिलाफ करते हैं, क्यों नहीं आप एक बार सी. वी. आई. या सी.आई.वी. का इस्तेमाल इस काम के लिए करते हैं कि वह पता लगाये कि कौन पूंजीपति इस मुल्क के हैं जो शिव सेना को पैसा देकर उसको पाल रहे हैं ? कौन लोग उसको पैसा देते हैं, इसका आप क्यों पता नहीं लगाते हैं ? यह पैसा क्या वे अपने खाते में से निकाल कर देते हैं या जो उनके तीन या चार नम्बर के एकांउट रहते हैं विदेशों में उनमें से देते हैं। कहां से यह पैसा आता है, इसका भी आप एक बार खुलासा करिये। मुझे पता नहीं गृह मन्त्री को आज तक इस काम को करने के लिए समय मिला है या नहीं मिला है।

शिव सेना के बारे में एक और बात मैं कहना चाहता हूं। इस बहस में जाने से कोई मतलब हल नहीं होगा कि किसका हाथ इसको बनाने के पीछे रहा है। लेकिन इस बात में कोई सन्देह नहीं है कि शिव सेना का इस्तेमाल अक्तूबर 1966 से बम्बई शहर में तमाम गैर कांग्रेसी दलों के खिलाफ करने में आया है। अक्तूबर 30, 1966 को शिवाजी पार्क की मीटिंग में एक ही नारा चला था कि पाटिल के मुकाबले में जार्ज फरनेंडीज खड़ा है, यह जार्ज फरनेंडीज बम्बई का मराठी आदमी नहीं है, यह बाहर का है तभी से यह चीज चली आ रही है। मैं चव्हाण साहब को एक ऐसे पत्रकार के वाक्यों को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं जिनके नाम आप भी जानते हैं और जिनसे आपकी व्यक्तिगत पहचान भी है और उनका नाम है श्री जी.एन. आचार्य। आचार्य जी का यह जो लेख है इसको उन्होंने भी पढ़ा होगा।

"It was not however, till the night of October 30, that the Sena impinged on the public mind. At a rally at Shivaji Park the venom and vitriol that was poured out was directed against non-Maharashtrians—including the Chief Justice of the Bombay High Court, who was then classified as a non-Maharashtrian.....But the principal target was Shri George Fernandes who, by then, had pitted himself against Shri S. K. Patil and was vigorously canvassing for his own election to Lok Sabha.

At the end of the meeting some of the more inflamed members of the crowd stoned Udipi hotels. The slogans they shouted were : "Madrashana Haklun Lava," (drive out the Madrasis) and "Idli Sambhar Bandh Kara" (stop Idli-Sambhar). Nothing more droll could be imagined by way of political slogans to inspire the rank and file of a new and rising party.

It soon become apparent however, that the Shiv Sena's principal concern in that election was to secure the defeat of Shri Krishna Menon. A plethora of claims and counter-claims, statements and contradictions have been made on this issue. But there is no doubt that the Sena's aid was requisitioned for the election of the late Shri S. G. Barve. Chief Thackaray has asserted that but for the Sena's campaign Shri Barve would not have been elected. From my own observation, I find it easy to accept this claim.

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

> After the death of Shri Barve, Shri S.K. Patil produced Smt. Tara Sapre as a Congress candidate, as a magician produces a rabbit out of his hat. She does not seem to have had any political interest ; and the only public work that she had ever done was on behalf of the RSS. Once again the Sena was summoned to the rescue, and it did a successful job."

पिछले पांच बरसों में शिव सेना का इस्तेमाल किस ने किया, उसका कोई और सबूत इस सदन को या प्रधान मंत्री या गृह मंत्री को मुझे देने की आवश्यकता है, मैं यह नहीं समझता हूं। मैं यह मानता हूं कि पिछले साल म्यूनिसिपल चुनावों में शिव सेना कांग्रेस के मुकाबले में खड़ी हुई। इसलिए अब कोई कांग्रेस के सदस्य कह सकते हैं कि शिव सेना के साथ हमारा कोई रिश्ता नहीं है। यह बात ठीक हो सकती है, लेकिन यह भी याद रखना चाहिए कि उन चुनावों के बाद कांग्रेस पार्टी की पहली मीटिंग में श्री एस० के० पाटिल ने शिव सेना के बारे में क्या कहा।

> ".....at the first Municipal Congress Party meeting (March 28, last year) after the recent election, Shri Patil hailed the Sena and told its leader that he need not call himself an opposition"

हमारे प्रजा समाजवादी दल के मित्रों ने उस वक्त शिव सेना के साथ अपना रिश्ता जोड़ा और वह रिश्ता अब भी कायम है। प्रजा समाजवादी दल के विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में इस समय मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं। लेकिन श्री बाल ठाकरे की प्रजा समाजवादी दल और अन्य दलों के बारे में क्या राय है, जिसको उन्होंने 28 दिसम्बर, 1968 के करैन्ट के पहले पन्ने पर दी गई अपनी मुलाकात में व्यक्त किया, वह मैं श्री नाथ पाई और इस सदन को पढ़कर सुनाना चाहता हूं।

शिव सेना की ओर से कम्युनिस्टों के खिलाफ़ इस वक्त एक मोर्चा चलाया गया है। वामपन्थी और दक्षिण-पन्थी दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के बारे में श्री बाल ठाकरे का कहना है :

> "Both are Rascals, both are Crooks"

इसके बाद उन्होंने जो कहा, वह श्री चह्वाण के लिए है।

> "While the Shiv Sena leader was confident of keeping Communists in check in Bombay, his suggestion for action at the national level was : 'Ban the Leftist parties'."
>
> **Current** asked if he would include the Samyukta Socialist Party and the Praja Socialist Party in this proposed ban, quipped Thackeray : 'I am not discussing those buffoons now'."

मेरे दल के बारे में श्री ठाकरे की क्या राय है, उससे मुझे कोई मतलब नहीं है, क्योंकि पिछले ढाई बरसों से मेरा दल और व्यक्तिगत तौर पर मैं किसी न किसी रूप में उनके जुल्म के शिकार बने हैं। पिछले म्यूनिसिपल चुनावों में मेरी सभा पर पत्थर फेंके गये और मुझे चोट लगी। उससे पहले और उसके बाद भी हम लोगों के खिलाफ़ आन्दोलन चलता रहा है। लेकिन श्री नाथ पाई को ज़रूर सोचना चाहिए कि बम्बई में जिनके नेतृत्व को उन्होंने माना है, वह श्री बाल ठाकरे और उनकी शिव सेना प्रजा समाजवादी दल को बेफ़ून की संज्ञा देते हैं।

15.59 hours.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

मुझे आज यह बात कहने में बहुत अफसोस होता है कि एक तरफ तो बम्बई शहर में इस प्रकार की प्रवृत्तियों के साथ गठजोड़ करके राजनीति चलाई जाती है और दूसरी तरफ़ श्रीनगर में नेशनल इनटेग्रेशन कौंसिल की बैठक बुलाकर एक बहुत बड़ा डिक्लेरेशन तैयार करके दुनिया के सामने पेश

किया जाता है। यह बात समझ में नहीं आती है। हमारे दल ने श्रीनगर के उस सम्मेलन में भाग लेने से इंकार किया और कहा कि इस तरह के नकली सम्मेलनों से देश की विभाजक प्रवृत्तियों को समाप्त नहीं किया जा सकता है, चाहे वे प्रवृत्तियां हिन्दुओं और मुसलमानों के दंगे कराने वाली हों, उत्तर और दक्षिण में वैमनस्य फैलाने वाली हों या एक ही सूबे के अलग-अलग इलाकों के बीच में झगड़े करवाने वाली हों; जब तक हम बुनियादी कारणों पर प्रहार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं, इस समस्या को हल नहीं किया जा सकता है। सरकार चलाने वाले लोगों और इस मुल्क के अखबार चलाने वाले लोगों की तरफ से इस बात को लेकर हमारे दल की आलोचना की गई थी।

स्वतंत्र पार्टी के नेता दिखाई नहीं देते हैं। श्री पीलू मोडी सदन में हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि पिछले ठाई बरसों में बम्बई शहर में शिव सेना को बढ़ावा देने की ज़िम्मेदारी कांग्रेस के बाद अगर किसी ने उठाई है, तो वह स्वतंत्र पार्टी ने उठाई है।

16 hrs.

श्री पीलू मोडी : झूठ है।

श्री जार्ज फ़रनेन्डीज़ : इन सब मसलों पर बहस करने के लिए एक सैमिनार का आयोजन किया गया और श्री मधु मेहता, श्री बाल ठाकरे, श्री मधु दंडवते और मैं एक मंच पर खड़े हुए। स्वतंत्र पार्टी के नेता, श्री मधु मेहता, का पहला वाक्य यह था, जिसको मैं कभी भी नहीं भूल सकता हूं, कि अगर शिव सेना का मतलब बम्बई की झौंपड़ियों को खत्म करना हो, तो मैं भी शिव सैनिक हूं; बम्बई की सड़कों पर काम करके जो फेरी वाले आठ दस आने रोज़ कमा कर अपना गुज़ारा करते हैं, अगर शिव सेना का मतलब उन्हें हटा कर बम्बई की सड़कों को साफ़ करना हो, तो मैं शिव सैनिक हूं।

मैं इस प्रकार के लाखों उदाहरण दे सकता हूं। उनके दल के बम्बई शहर के जायंट सेक्रेटरी, श्री नाना चूड़ासामां ने अभी-अभी अमरीका से लौटने के बाद बम्बई में ऐलान किया कि मैं अमरीका में जहां गया, वहां लोग शिव सेना की बड़ी तारीफ़ कर रहे थे। बम्बई के सार्वजनिक मैदान में उन्होंने यह वाक्य कहा था।

इसलिये मुझे यह देख कर खेद होता है कि स्वतंत्र पार्टी और प्रजा समाजवादी दल आदि दलों के लोग सरकारी पार्टी के साथ श्रीनगर में बैठते हैं और वहां पर इस प्रकार की डिक्लेरेशन करते हैं :

> "by discouraging communal ill-will and regional animosities and weaning the misguided elements of the Society away from the paths of violence....."

और बम्बई में इस तरह के काम किये जाते हैं। इसलिए अब इस बारे में किसी के मन में शंका नहीं रहनी चाहिए कि शिव सेना को बढ़ावा किसने दिया है और अब तक उसको बनाने में किसने मदद दी है, जबकि सदन के सामने ये सुबूत मौजूद हैं।

आखिर यह बेलगांव और सीमा सम्बन्धी झगड़ा सरकारी पार्टी का ही पैदा किया हुआ है। कल कई माननीय सदस्यों ने श्री एम० एम० जोशी और श्री डांगे का नाम लेकर कहा कि संयुक्त महाराष्ट्र समिति बना कर उन्होंने इन प्रवृत्तियों को बढ़ावा दिया। लेकिन वे श्री जोशी और श्री डांगे का नाम क्यों लेते हैं? वे गांधीजी का नाम क्यों नहीं लेते हैं। भाषावार प्रान्तों की शुरूआत करने वाले श्री जोशी या श्री डांगे नहीं थे, बल्कि लोकमान्य तिलक और महात्मा गांधी थे। वे माननीय सदस्य अपने राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास और अपने दल के इतिहास को पढ़ें और उसके बाद हमारे दल के नेताओं और अन्य वामपन्थी नेताओं पर टीका-टिप्पणी करें।

श्री कमलनयन बजाज (वर्धा) : महात्मा गांधी प्रेम से भाषावार प्रान्तों की रचना चाहते थे, कटुता और वैमनस्य से नहीं ।

श्री जार्ज फ़रनेन्डीज़ : माननीय सदस्य इस पर न बोलें, वर्ना मुझे और ज्यादा कहना पड़ेगा ।

श्री कमलनयन बजाज : ज़रूर कहिये । मैं उससे डरता नहीं हूँ ।

श्री जार्ज फ़रनेन्डीज़ : माननीय सदस्य पहले जाकर रामकृष्ण बजाज को समझायें और फिर कुछ कहें ।

यह कहने से काम नहीं चलेगा कि सीमा समस्या है ही नहीं । सीमा समस्यायें हैं और उन्हें हल करना चाहिए । उसके लिए उचित रास्ता निकालना चाहिए । प्रधान मंत्री ने इस बारे में महाजन कमीशन जैसा बेमतलबी कमीशन बिठा कर एक बेमतलबी काम किया था । श्री बसन्तराव नायक बेलगांव और सीमा सम्बन्धी विवाद के बारे में मराठी जनमत को व्यक्त नहीं करते हैं । जो लोग उसको व्यक्त करते हैं, उनसे सरकार का कोई मतलब नहीं रहा है । प्रधान मंत्री ने श्री बसन्तराव नायक के साथ षड्यंत्र करके महाजन कमीशन बिठाया । हम लोगों ने उसी वक्त सरकार से कहा था कि इस बात का फैसला किया जाये कि महाजन कमीशन किस आधार और सिद्धान्त पर काम करेगा । लेकिन सरकार ने ऐसा करने से इन्कार किया और मसले को आगे बढ़ाते रहने और फैसले को टालते जाने की नीति अख्त्यार की । उसका नतीजा यह है कि बेलगांव की समस्या वैसी की वैसी पड़ी है । लेकिन अगर कोई यह कहे कि शिव सेना का इस्तेमाल कर के यह प्रश्न फैसले के रास्ते पर ले जाया जा रहा है, तो मैं उसको मानने के लिए तैयार नहीं हूँ । मुझे आज आशा है कि शिव सेना ने बम्बई शहर में जो कुछ भी धमार उठाया उसका यह नतीजा है कि बेलगांव की समस्या के हल करने के रास्ते में उन्होंने आज नई बाधाएं, नई परेशानियां खड़ी की हैं । तो ऐसी हालत में शिव सेना किसी भी एक सम्प्रदाय को लेकर किसी भी एक भाषावाद को लेकर अपने आन्दोलन को चलाने वाली संस्था नहीं है । शिव सेना के पीछे जो शक्तियां हैं वह शिव सेना का इस्तेमाल एक ही कार्य के लिए करती हैं कि बम्बई शहर का जो गरीब मजदूर है, बम्बई शहर के जो मजदूर संगठन है, बम्बई शहर की जो समाजवादी और वामपंथी शक्तियां हैं, इन शक्तियों को खत्म किया जाय । बम्बई में अगर आज गैर-मराठी आदमियों को भगा कर मराठी आदमियों को मकान देने का कोई नारा चलाए तो इससे ज्यादा झूठ और नहीं हो सकता है । बम्बई की आज 53 लाख आबादी है । हिन्दुस्तान के हर सौ आदमियों में से एक आदमी आज बम्बई शहर में रहता है । लेकिन चव्हाण साहब को इसकी जानकारी होनी चाहिए और श्रीमती नेहरू गांधी को इसकी जानकारी होनी चाहिए कि बम्बई शहर में 53 लाख लोगों में से आज 34 लाख लोग बे-घर हैं । जिस शहर में आधे से ज्यादा आबादी बे-घर हैं, उस शहर के लोगों को, वह मराठी हों या गैर-मराठी हों, मकान देने का काम आप की सरकार नहीं कर सकती है । उसी शहर में आज महाराष्ट्र की कांग्रेसी सरकार, आप के बसंतराव नायक की सरकार एक चौरस गज जमीन को 9 हजार रुपये में नीलाम करके दे रही है । इस तरह से कौन-सी सरकार वहां के गरीब मजदूरों को मकान दे सकेगी ? जहां जमीन का दाम 9 हजार रुपये एक वर्ग गज का हो वहां यह समस्या किस तरह से हल हो सकती है ? तो मकान की समस्या इस रास्ते से हल नहीं होगी । न बेकारी की समस्या इस तरह से हल हो सकती है । आज मराठी नवजवानों में बेकारी है जैसे हिन्दुस्तान के पूरे मुल्क में अलग-अलग सूबों में बेकारी

है। अगले महीने मैट्रिक की परीक्षाएँ हैं। 25 लाख नवजवान मैट्रिक की परीक्षा मे बैठेंगे। पांच लाख नवजवान कालेजों की परीक्षाओं में बैठेंगे। और यह पढ़े-लिखे 25 लाख नवजवान जून महीने में नौकरी के लिए आपके सामने आएँगे।

प्रधान मंत्री जी हिन्दुस्तान के कोने-कोने में चुनाव प्रचार में गईं और बेमतलब की बातें बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल आदि में बोलकर आईं। नीतियों पर नहीं बोलीं। एक-एक दल के ऊपर व्यक्तिगत उनके चरित्रों पर आक्षेप उठा कर आईं। इसके सिवाय और कुछ नहीं बोलीं। बेकारी की समस्या है, पिछले साल 25 लाख नवजवान पढ़-लिखकर सड़कों पर आए हैं, इस साल फिर 25 लाख आएंगे। और यह तो आप जानते होंगे कि जब मुल्क आजाद हुआ तो हिन्दुस्तान में जिनको पढ़ना-लिखना नहीं आता था उनकी संख्या थी 22 करोड़ लेकिन 22 साल के आपके राज्य में उनकी संख्या 34 करोड़ हो गई है। इस मुल्क में अनपढ़ों की संख्या पिछले 22 सालों में 12 करोड़ से अधिक आपने बढ़ाई है जबकि पूर्व और पश्चिम पाकिस्तान की आबादी इस समय 11 करोड़ के अन्दर ही है। तो यह आपका देश है जिसको आपने बिगाड़ा है, जिसको बनाने का काम आप लोगों ने नहीं किया है। ... **(व्यवधान)**

उपाध्यक्ष महोदय, तो यह अगर कोई कहे कि बम्बई शहर में मराठी नवजवानों की बेकारी की समस्या वहां के गैर-मराठी लोगों को हटाकर हल होगी तो मैं यह नहीं मानने को तैयार हूँ कि शिव सेना की ऐसी घोषणाओं पर कोई विश्वास करता हो। शिव सेना का खुद इस पर विश्वास नहीं है कि मराठी नवजवानों की बेकारी की समस्या या मकानों की समस्या इस रास्ते से हल होने वाली है। असल में आन्दोलन दूसरे किस्म का है। यह आन्दोलन इसलिए है कि मजदूर आन्दोलन में फूट डालो ताकि पूंजीपतियों की मुनाफाखोरी और बढ़ जाय और बम्बई शहर में लड़ाकू जन-आन्दोलन, क्रान्तिकारी जन-आन्दोलन मिट जाय। इसलिए यह तौर-तरीके चलाए हुए हैं और इनका मुकाबिला करना है। इनका मुकाबिला, मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि इनका दल कर पायेगा या यह सरकार कर पायेगी। यह भी मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं क्योंकि शिव सेना बीमारी की जड़ नहीं है, बीमारी की जड़ कांग्रेस पार्टी है जो पिछले 22 सालों में इस किस्म की बीमारियों को देश में फैलाने का कार्य कर चुकी है। आप हो बीमारी की जड़ और इसलिए उस बीमारी को हटाने का काम आप लोगों से होगा नहीं। यह मामला कोई बम्बई तक सीमित मामला नहीं है। जिन आर्थिक बातों को मैंने आपके सामने उठाया, यह कोई बम्बई शहर तक ही सीमित नहीं है। अभी तेलंगाना की बात आ गई। तेलंगाना की बात में भी यही तो हमें दिखाई देता है। तेलंगाना के पहले, इसी हमारे महाराष्ट्र में विदर्भ की बात आ गई। आज भी मराठवाड़ा का प्रश्न है, कोंकण के विकास का प्रश्न है। लोगों को यहां पर अभी तक शायद पता नहीं होगा कि जैसे एक तरफ शिव सेना है, ऐसे ही दूसरी तरफ कोंकण सेना है जो कोंकण के विकास के बारे में बोलती है। और कहां आप लोगों ने कदम उठाए पिछले 22 वर्षों में इन समस्याओं को मिटाने के लिए? तो उपाध्यक्ष महोदय, जो एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त के बीच में विषमता है उसका एक ही आंकड़ा मैं आपके सामने रखना चाहूंगा जिसको हमारे योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री डी० आर० गाडगिल ने श्री मधु लिमये को एक पत्र के जरिए भेजा था। जब उनसे पूछा गया कि अलग-अलग सूबों में विकास के कार्यों में किस ढंग से पूंजी को आपने लगाया, फी व्यक्ति कितनी पूंजी अलग-अलग सूबों में लगाई गई तो उसके जवाब में उन्होंने जो आंकड़े

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

दिए वह मैं आपको पढ़कर सुनाऊँगा ।

बिहार में जो तीन पंच-वर्षीय योजनाएँ हुईं उनमें और 67-68 तक यानी तीन पंच-वर्षीय योजनाओं में और दो सालाना योजनाओं में, पिछले 22 सालों में फी व्यक्ति विकास के कार्य में जो पूंजी लगाई गई वह सिर्फ 168 रुपये है । उत्तर प्रदेश में 172 रुपये है । जबकि गुजरात में 313 रुपये, वेस्ट बंगाल में 234 रुपये, पंजाब में 366 रुपये, मैसूर में 268 रुपये, महाराष्ट्र में 264 रुपये और राजस्थान में भी काफी है, 242 रुपये है । इसी तरीके से केन्द्र से जो मदद दी गई उसके भी आंकड़े देखें तो यही देखने को मिलेगा कि एक तरफ पंजाब में केन्द्र से पैसे मिले हैं 231 रुपये फी व्यक्ति, बंगाल में 130 रुपये, राजस्थान में 185 रुपये, आसाम में 182 रुपये और बिहार में मिले हैं फी व्यक्ति 99 रुपये और उत्तर प्रदेश में फी व्यक्ति 102 । मैं इसलिए यह आंकड़े रख रहा हूं कि जड़ को हम लोग पकड़ें, बीमारी की जड़ कहां है, इसको पकड़ने का हम लोग प्रयास करें । अगर आज तेलंगाना के नवजवान और तेलंगाना के लोग इस किस्म का आन्दोलन करने को आगे बढ़ते हों कि हमारे इलाके का विकास नहीं हो रहा है, अगर विदर्भ के विद्यार्थी यह कहने को खड़े होते हों कि महाराष्ट्र में हमारा विकास नहीं हो रहा है, हमारा अलग सूबा बनाओ और उत्तर प्रदेश और बिहार की जनता परेशानी से मर रही हो, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार की गरीबी को देखने का प्रयास करते हों तो इसके पीछे पिछले 22 सालों की इनकी गलत नीतियां हैं । यह गलत नीतियां इनका आधार हैं और इसलिए जब तक इन नीतियों को बदलने का कार्य नहीं होता हो, विकास के ऊपर लगने वाली पूंजी, हर सूबे में, उस सूबे की आबादी को लक्ष्य में रखकर न तय की जाती हो, जब तक यह चीजें न की जायें, तब तक मैं यह कतई मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि इस किस्म की झंझटें आज देश से दूर हो पायेंगी । फिर वह किसी न किसी रूप में आगे बढ़ेगी और इस मुल्क के पूंजीपति लोग तथा यह कांग्रेस पार्टी जो कि उन्हीं लोगों की सरकार को चलाने वाली एक यंत्र है वह इस किस्म के आन्दोलन को बढ़ाने का काम करेगी क्योंकि भले ही कांग्रेस पार्टी की ओर से श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा ने यह कहा हो कि शिव सेना को आगे बढ़ने में कांग्रेस सहायता नहीं दे रही है, मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं क्योंकि कांग्रेस पार्टी यह चाहती है कि कोई भी राष्ट्रीय पैमाने पर एक मजबूत गैर-कांग्रेसी दल और विशेषकर समाजवादी दल खड़ा न हो । इसके प्रयास में कांग्रेस पार्टी है । वह यह नहीं चाहती है । ये छोटे-छोटे दल बने, बम्बई में शिव सेना बनी, कभी उनको पीट सकते हैं, कभी उनको दोस्त बना सकते हैं । आसाम में लचित सेना बनी, कभी उनकी पिटाई हो सकती है, कभी उनको बगल में लेने का काम हो सकता है । इस तरह से इन छोटी-मोटी पार्टियों को प्रोत्साहन देने का काम यह कांग्रेस पार्टी करती है । चूंकि उन से, उपाध्यक्ष महोदय, इनको खतरा नहीं है, खतरा है राष्ट्रीय दलों से, राष्ट्रव्यापी दलों से जो इनके मुकाबले में विकल्प बनकर खड़े हो सकते हैं । इसलिये पूंजीपति अपने मुनाफे के स्वार्थ के लिये और कांग्रेस पार्टी अपनी सत्ता के स्वार्थ के लिये तौर-तरीकों को चला रहे हैं ।

जब हमने यहां पर अविश्वास प्रस्ताव का प्रश्न उठाया तो हमारे कई मित्रों ने कहा कि यह तो रिचुअल बन गया है, यह सदन रिचुअल है । आज सुबह ही, उपाध्यक्ष महोदय, आपने प्रश्नोत्तर काल में देखा—कच्चातीवू के बारे में प्रश्न था—कच्चातीवू हमारे मुल्क का है, इतना भी कहने के लिये यह सरकार तैयार नहीं है । क्या प्रधान मंत्री जी या विदेश मंत्री जी या इन में से कोई भी व्यक्ति यह कहने के लिये तैयार हैं कि कच्चातीवू

की धरती, भारत की धरती है ? इतना भी कहने के लिये तैयार नहीं हैं। हम सुबह भी इस बारे में बोले, गुस्से से बोले, अब खाना खाकर फिर लौट आये हैं और फिर बोल रहे हैं, लेकिन इन पर कोई असर नहीं हो रहा है। आज रिचुअल का मतलब क्या है—आज जो अविश्वास का प्रस्ताव आया है—किन परिस्थितियों में आया है—यह प्रस्ताव बम्बई की घटनाओं, तेलंगाना की घटनाओं और चार सूबों के चुनाव के बाद आया है। जैसा अंग्रेजी में कहा जाता है—

"order of the boot." जब जनता ने आप लोगों को दिया, उस बाहर के अविश्वास को इस सदन में व्यक्त करने के लिये इस अविश्वास के प्रस्ताव को पेश करना पड़ा है। किस सूबे में कितनी सीटें मिलीं या कितने वोट मिले—इसको लेकर खुशी मनाना हमारा उद्देश्य नहीं है—हम जानते हैं कि वोट पाने के लिये क्या-क्या तौर-तरीके इन्होंने अपनाये हैं—मुझे को पता चला है कि प्रधान मंत्री के सिर्फ बिहार के दौरे को लेकर—उन की सिर्फ दो मीटिंग्ज को लेकर कोई तीन लाख रुपये का बिल आया है, जिसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने जाहिरा बयान दिया है कि बिहार की सरकार पैसे के मामले में बहुत लाचार मालूम देती है जो हम से पैसा मांगती है। आप क्या समझते हैं—सरकारी तिजोरी क्या कोई आपके घर की चीज है, बिहार सरकार का इस तरह से अपमान करते हो। मुझे पता चला है कि पिछले चुनाव के सिलसिले में—तमाम जगहों से बिल आये या नहीं, मुझे मालूम नहीं—लेकिन बिहार की कुछ मीटिंग्ज को लेकर साढ़े तेरह लाख रुपये का बिल—जिसमें सिक्योरिटी पुलिस का खर्च शामिल नहीं है, बिहार सरकार ने भेजा था। प्रधान मंत्री जी को तो शायद पता भी नहीं होगा, क्योंकि वह तो दूसरे बड़े-बड़े प्रश्नों से परेशान रहती हैं, इन मीटिंग्ज के बारे में जानने के लिए उनके पास वक्त कहां है, वह तो दुनियां के अन्य मुल्कों में पुल बांधने में लगी हुई हैं, गंगा पर पुल बांधने के बारे में उनकी नजर कहां जा सकती है।

उपाध्यक्ष महोदय, इन चुनावों में हम भी बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और बंगाल में गये। हम लोग एक अपेक्षा रखते थे कि कांग्रेस पार्टी की ओर से जहां जहां गैर कानूनी ढंग से हमारी बनाई हुई सरकारों को गिराने का काम हुआ है, कम से कम इस बार जनता के बीच में जाते हुए कुछ नये कार्यक्रमों का खुलासा किया जायेगा, कुछ नई नीतियां जनता के सामने पेश की जायंगी, उनको लेकर हम जनता के सामने बहस कर पायेंगे, लेकिन वह मौका भी हमको नहीं मिला, क्योंकि बहस के लिए कुछ था ही नहीं। अगर स्थानीय कांग्रेसी उम्मीदवार ने यह कह दिया कि यहां पर जनसंघ का जोर है तो वहां पर जनसंघ पर हल्ला बोल दिया और अगर स्थानीय उम्मीदवार ने कह दिया कि यहां पर संसोपा का जोर है तो वहां संसोपा पर हल्ला बोल दिया और कहा कि इनके एक नेता ने एक जमाने में मेरे पिता पर व्यक्तिगत आरोप लगाये थे और अब इनके बचे हुए लोग हमारे ऊपर व्यक्तिगत आरोप लगाते हैं, जैसे कोई पारिवारिक दुश्मनी है। कौनसी पारिवारिक दुश्मनी है, प्रधान मन्त्री जी, बतलाइये, कौनसे व्यक्तिगत आरोप हमने लगाये हैं ? अगर हम खड़े हो कर यह कहते हैं कि वक्स हाउसिंग मिनिस्ट्री की रिपोर्ट उठा कर देखिये, उसमें लिखा है कि इस समय हिन्दुस्तान में जिन लोगों के पास मकान नहीं हैं, उनको मकान देने के लिये साढ़े सात करोड़ मकानों की जरूरत है। आप जगन्नाथराव के मन्त्रालय की सालाना रिपोर्ट उठा कर देखिये—अगर इस बात को लेकर हम देश की जनता के सामने शिकायत करें कि जहां साढ़े सात करोड़ मकानों की जरूरत है, वहां प्रधान मन्त्री साढ़े सात करोड़ मकानों की बहस नहीं चलाना चाहती,

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

तीन मूर्ति चलें या नया मकान बनायें—इस बात पर वह बेचारी परेशान हैं—क्या आप कहेंगी कि यह निजी आरोप है ? इसमें क्या निजी बात आ गई, इसमें क्या पारिवारिक दुश्मनी है ।

उपाध्यक्ष महोदय, यह कहा गया कि संयुक्त समाजवादी दल की कोई नीति नहीं है, इस दल के पास कोई कार्यक्रम नहीं है । मैं आज प्रधान मंत्री को चुनौती देना चाहता हूं—हमारे कार्यक्रम को लेकर वह जहां चाहें हम बहस चलाने के लिये तैयार हैं, आप वक्त मुकर्रिर कीजिये, हम बहस चलाने के लिये तैयार हैं । आकाशबाणी के मंच को ले लीजिये, हिन्दुस्तान के अखबारों के मंच को ले लीजिये या किसी भी मंच को ले लीजिये—हम अपने दल के कार्यक्रमों और इस देश को बनाने के लिये अपनी योजनाओं पर बहस करने के लिये तैयार हैं ।

प्रधान मंत्री जी को एक शिकायत हो सकती है और वह दुरुस्त है कि फूलपुर की सीट हमारे एक नौजवान मित्र जनेश्वर मिश्र ने छीन ली है, जोकि आपके परिवार की सीट बनी हुई थी । यह पारिवारिक बात जरूर है । कांग्रेस पार्टी को अब कुछ सबक सीखना चाहिये, 22 साल के बाद आज देश में जो हालत पैदा हो रही है, उस पर अन्तर्मुखी होकर विचार करें । इस प्रजातन्त्र को बचाने के लिये जितनी हमारी जिम्मेदारी है, उतनी आपकी भी है, अन्तर्मुखी होकर अपनी गल्तियों को सुधारने का काम कीजिये । अगर ऐसा नहीं करेंगे, तो बम्बई के एक नामी पत्रकार श्री ए० डी० गोरवारा ने बम्बई की घटनाओं को लेकर कांग्रेस सरकार की कब्र पर लिखा जाने वाला जो वाक्य लिखा है, उसको पढ़कर सुनाता हूं :

> Poor-spirited and mean-minded men they were, and in their time, they permitted simple, decent folk to be vilely maltreated, oppressed and thrown to the wolves, uttering by pocritical, high-sounding sentiments all the while.

महाराष्ट्र सरकार की कब्र पर लिखने के लिये यह वाक्य श्री गोरवारा ने ओपीनियन के 11 फरवरी के अंक में लिखा है, यही वाक्य हिन्दुस्तान की कांग्रेस सरकार की कब्र पर लिखने की हालत पैदा हो जायगी ।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y.B. CHAVAN) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, this No-confidence motion is being discussed here for the last two days. I am intervening in this to put certain facts before the House. They do not like it to be called a routine motion. Maybe an accepted routine, but it has certainly become routine, because practically in every session we are discussing this. Of course, it is a legitimate routine. I do not deny that.

After having heard the speeches for the last six or eight hours, I find that two or three things were emphasised. The first was that what happened in Bombay was the result of the movement or disturbances started by the Shiv Sena.

I must say, at the outset, that I am ashamed of what happened in Bombay. But I am sorry that the analysis that some Members made about it—if it were true, certainly I won't mind and if some people are really responsible they should face the consequences—takes us astray from the real problem. I find that Shiv Sena is by its very character, by its very nature and ideology, a peculiarly Indian fascist movement. It is a fact. And, as every fascist movement takes advantage of gullibilities of other political parties—I hope I will be excused for using this term—they have very characteristically exploited those gullibilities of all political parties in Bombay including the Congress. I find that at the time of some by-election and during general elections the Shiv Sena people did push themselves in the Congress ranks and propagated for the Congress candidate. But that does not mean that they have anything to do with the Congress as such. They tried to win the sympathy of the Swatantra workers. It is a known fact and I do not think anybody can deny it. I can say that this had nothing to do with the national leadership of the Swatantra Party.

SHRI RANGA : It had nothing to do with them.

Y. B. CHAVAN : I concede that position. But it is a known fact that some known Swatantra workers in Bombay are openly associating themselves with Shiv Sena.

SHRI RANGA: All on their own.

SHRI Y. B. CHAVAN: I can see that. I know also that some of the leading businessmen of Bombay are openly holding brief for Shiv Sena because they have somehow convinced themselves that Shiv Sena is an instrument to fight communism. Some hon. Members may not agree with it, but I have always found that they have a very clever understanding of the problems, which problems to push and when.

Now they have taken the problem of the regional trouble between two States on the border issue. As is known, this is a sensitive issue both in Karnatak and Maharashtra. It is a very sensitive issue and now they have started taking advantage of this trouble. I may even go further and say that some of the political parties who are now complaining and protesting against Shiv Sena—I wish my prophesy comes untrue and I am wrong—if they think that this issue is something like a stick to use against the Congress and Government may possibly have a common front, a united front against Congress on the issue, with Bal Thackerey as their leader.

SHRI PILOO MODY : Except Swatantra.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : शिव सेना की मदद के लिए कामन फ्रन्ट हम बनायेंगे ? आप इस बात को स्पष्ट कीजिये ।

SHRI Y. B. CHAVAN: If you have not understood what I said, I will certainly explain it further. I am saying that they have taken now such an issue that possibly they might tempt you all to come and join them for some sort of united action about the border issue.

SHRI PILOO MODY: Except Swatantra.

SHRI Y. B. CHAVAN: They have done that on other occasions. This is the main thing that we have all to guard against. It is no use blaming this party or that party because they have taken advantage of certain basic problems. There is the problem of unemployment. There is unemployment in every city. This is a basic issue today. Therefore, naturally the birth of the Shiv Sena was to exploit the regional feeling, and regional feeling is a reality practically all over the country. We saw what happened in Assam and Telengana. We are unfortunately witnessing what is happening in Maharashtra. So, really speaking, we will have to go rather deeper into this problem. One thing I will have to say here. Unless all political parties, all democratic political parties accept that these issues which are the inherent defects of Indian society historically, namely, the language problem, the communal problem, the regional problem, are not to be taken to the streets under any circumstances, there is no hope for us.

SHRI S. M. JOSHI: It should not be decided unilaterally by the government.

SHRI Y. B. CHAVAN: I do not want any problem to be taken to the roads or streets but if at least for these three problems we take such a decision it will take us a long way towards the solution of this problem. If we all agree on other problems also, well and good. But, for God's sake, at least these three problems let us not take to the streets.

SHRI RANGA: You yourself and your President are failing to do it; you have not implemented that report.

SHRI Y. B. CHAVAN: If that feeling gives him satisfaction, I do not want to come in the way.

SHRI RANGA: You appointed it.

